www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

04 जून 2026
हरदा, गुरुवार
वर्ष-15, अंक - 357, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष - 4
विक्रम संवत् 2083




## इलेक्ट्रिक कार से चलेंगे सीएम मोहन

### रेंज 500 किमी, नंबर- वीबी 2047 मिला

### इसका मतलब विकसित भारत बताया; आज काफिले में शामिल होगी

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब इलेक्ट्रिक कार (ईवी) से सफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील के बाद मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल करने का फैसला किया है।

इसके लिए महिंद्रा की नई इलेक्ट्रिक कार एक्सईवी 9ई खरीदी गई है। यह बुधवार से मुख्यमंत्री के काफिले का हिस्सा बनेगी। मुख्यमंत्री बुधवार शाम दिल्ली रवाना होते समय मुख्यमंत्री निवास से स्टेट हैंगर तक इसी कार से गए।



मुख्यमंत्री की नई इलेक्ट्रिक कार का नंबर एमपी02 वीबी 2047 है। इसमें 'वीबी' का मतलब विकसित भारत है, जबकि '2047' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को दर्शाता है, जिसमें वर्ष-2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस नंबर के जरिए पर्यावरण संरक्षण और विकसित भारत का संदेश देने की कोशिश की गई है।

### पहले भी घटा चुके हैं काफिले की गाड़ियां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इससे पहले भी ईंधन बचाने के लिए अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर चुके हैं। पहले काफिले में 13 वाहन चलते थे, जिसे घटाकर 7 कर दिया गया था। इसके बाद कई मंत्रियों और अधिकारियों ने भी कार-पूलिंग और कम वाहनों के उपयोग को अपनाया।

### पहली बार काफिले में शामिल इलेक्ट्रिक कार

मुख्यमंत्री के काफिले में पहली बार किसी इलेक्ट्रिक कार को शामिल किया जा रहा है। इसे सरकारी व्यवस्था में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सुरक्षा को देखते हुए वाहन से जुड़े सभी जरूरी प्रोटोकॉल पूरे कर लिए गए हैं। ड्राइवरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और सुरक्षा एजेंसियों ने कार की जांच भी की है।

## मप्र से राज्यसभा की रेस में कमलनाथ आगे



अनोखा तीर, भोपाल। एमपी में राज्यसभा की तीन सीटों पर नामांकन 8 जून तक दाखिल किए जाएंगे। इनमें दो सीटों पर बीजेपी और एक सीट कांग्रेस के पास है। कांग्रेस के कब्जे वाली सीट पर उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में मंथन तेज हो गया है। कर्नाटक में नए सीएम डीके शिवकुमार के आज शपथ ग्रहण समारोह के बाद दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हो सकती है। दो दिनों में राज्यसभा के उम्मीदवारों के नाम तय होने की संभावना है। अभी सीनियर लीडर्स में पूर्व सीएम कमलनाथ का नाम सबसे आगे है।

## कूनो के चीतों का दुश्मन कौन?

- **मुरैना में घायल मिली 27 महीने की मादा चीता, शरीर पर मिले चोट के कई निशान**

**मुरैना (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ी महत्वाकांक्षी चीता पुनर्स्थापन परियोजना के बीच एक युवा मादा चीता के घायल मिलने की खबर सामने आई है। भारत में जन्मी 27 माह की मादा चीता केजीपी11 को 1 जून 2026 को मुरैना जिले के पहाड़गढ़ क्षेत्र के पास घायल अवस्था में पाया गया।




### चीता का चल रहा है इलाज

सूचना मिलते ही कूनो राष्ट्रीय उद्यान प्रशासन और वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। घायल चीता को उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। कूनो प्रबंधन के अनुसार नियमित ट्रैकिंग और निगरानी के दौरान टीम को केजीपी11 की गतिविधियों में असामान्यता दिखाई दी। इसके बाद ट्रैकिंग दल ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही कूनो की पशु चिकित्सा टीम मौके पर पहुंची और चीता का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

**शरीर पर मिले चोट के निशान-** प्रारंभिक जांच में उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए पालपुर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। फिलहाल केजीपी11 को क्वारंटाइन बोमा में निगरानी के तहत रखा गया है।

### स्थिति है स्थिर

अधिकारियों के अनुसार उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है और वह उपचार पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रही है। संक्रमण या किसी अन्य जोखिम से बचाने के लिए उसे अन्य चीतों से अलग रखा गया है।

## जल जीवन मिशन पूरा करने केंद्र देगा 5000 करोड़

### पीएचई की बैठक में सीएम बोले-अब ट्यूबवेल पर निर्भर न रहें, तालाब रिचार्जिंग बढ़ाएं

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी क्षेत्र में कमी नहीं रहनी चाहिए। सीएम ने पीएचई विभाग के अफसरों से कहा कि केवल ट्यूबवेल पर निर्भरता कम करनी होगी और तालाब-सरोवर निर्माण तथा जल रिचार्जिंग पर विशेष फोकस करना होगा।

साथ ही केंद्र सरकार से जल जीवन मिशन के लिए 5000 करोड़ रुपए की राशि मिलने जा रही है। जिससे मार्च 2028 से पहले प्रदेश में हर घर नल से जल का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

जल जीवन मिशन की प्रगति प्रदेश में जल जीवन मिशन का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उज्जैन राजस्व संभाग सहित 11 जिलों में शत-प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। अब तक 1 करोड़ 11 लाख से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रदेश के 75 प्रतिशत परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। दिसंबर 2023 से अब तक 16.50 लाख से अधिक नए घरेलू नल कनेक्शन जारी किए गए हैं और 15,238 नए नलकूप व हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। 14,200 गांवों को पहले ही हर घर जल घोषित किया जा चुका है।




**केन्द्र से मिलेंगे 5 हजार करोड़-** केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय से मध्यप्रदेश को जल जीवन मिशन के तहत लगभग 5 हजार करोड़ रुपए का आवंटन मिलने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा दी गई सहमति का स्वागत किया और अधिकारियों को केंद्र के साथ समन्वय तेज करने के निर्देश दिए। वर्ष 2026-27 के लिए विभाग को 5 हजार करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है।

**सीएम बोले- हवा में मत रहिए, हम भागीरथपुरा देख चुके हैं-** पीएचई की बैठक में एसीएस मनीष रस्तोगी जब ये बता रहे थे कि जल जीवन मिशन के जरिए इतने गांवों में जल प्रदाय योजनाओं के काम हो चुके हैं। इसी दौरान सीएम ने कहा आप लोग ज्यादा हवा में मत रहिए पेयजल के साथ सीवेज प्रबंधन की भी चिंता कीजिए। हम अभी कुछ समय पहले भागीरथपुरा की स्थिति देख चुके हैं। मैं जब इंदौर जाता हूं तो सीवेज की गंदगी देखकर शर्म आती है।

**जल निगम का नाम बदलेगा-** बैठक में सीएम ने यह निर्देश दिए कि अब जल निगम का नाम जल एवं सीवेज प्रबंधन निगम होगा। अब पेयजल के साथ ही सीवेज प्रबंधन के कामों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

**मेट्रोपॉलिटिन रीजन के लिए पानी प्रबंधन पर काम करो-** बैठक में सीएम ने कहा कि इंदौर और भोपाल मेट्रोपॉलिटिन एरिया में जब क्षेत्र बढ़ेगा तो पानी की जरूरत बढ़ेगी। तब पानी कहां से लाएंगे। इसके लिए सरफेस वाटर मैनेजमेंट प्लान बनाओ।

### केरल हाईकोर्ट ने कहा-

## वायरल गर्ल बालिग

**अनोखा तीर, भोपाल।**

केरल हाईकोर्ट ने वायरल गर्ल को प्रथम दृष्टया बालिग मानते हुए उसके पति को एक महीने की ट्रांजिट बेल दे दी है। अब एक महीने तक मध्य प्रदेश पुलिस उसके पति को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। वह अग्रिम जमानत के लिए मध्य प्रदेश की कोर्ट में याचिका लगा सकता है।




हाईकोर्ट के जज कौसर एडप्पागथ ने कहा- युवती के जन्म प्रमाणपत्र में उसके पैदा होने की तारीख 1 जनवरी 2008 दर्ज है, इसलिए वह बालिग है। इस पर मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया कि ये प्रमाणपत्र फर्जी है। असलियत में वायरल गर्ल नाबालिग है। जज ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया और कहा- जन्म प्रमाणपत्र के अतिरिक्त आवेदक क्रमांक-2 (वायरल गर्ल) का वोटर आईडी और बैंक पासबुक भी कोर्ट में पेश किए गए हैं। जिनसे यह स्पष्ट होता है कि वह बालिग है। वह स्वयं भी बालिग होने का दावा कर रही है। वायरल गर्ल ने शपथपत्र भी दिया है कि उसने आवेदक क्रमांक-1 के साथ विवाह किया है।

अदालत ने वायरल गर्ल के पति की जमानत याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि वह 3 जून से एक महीने के भीतर मध्य प्रदेश की सक्षम अदालत में अग्रिम जमानत की मांग कर सकता है।

### अदालत में फूट-फूटकर रोई गिरिबाला सिंह, कहा-

## मीडिया ट्रायल से जान को खतरा, पुलिस और सीबीआई जानबूझकर कैमरों के आगे लाती है

**अनोखा तीर, भोपाल।**

विशेष सीबीआई अदालत ने एक चर्चित मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी मां और बेटे को भोपाल सेंट्रल जेल में अन्य कैदियों से अलग बैरक में रखने का आदेश दिया है। दरअसल, सीबीआई ने इस बार आरोपियों की पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग नहीं की। जांच एजेंसी का कहना था कि जब और जैसी जरूरत होगी, वे दोबारा रिमांड के लिए अर्जी दाखिल करेंगे। इसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का फैसला सुनाया।



**आरोपी महिला ने रोते हुए लगाए गंभीर आरोप-** सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम में उस वक्त माहौल बेहद गंभीर हो गया, जब आरोपी गिरिबाला सिंह ने जज के सामने अपना दर्द बयां किया। गिरिबाला ने कहा कि इस मामले में चल रहे मीडिया ट्रायल ने उनकी जिंदगी को खतरे में डाल दिया है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि पहले स्थानीय पुलिस और अब सीबीआई, दोनों ही सिर्फ अच्छी मीडिया कवरेज दिलाने के लिए उन्हें पत्रकारों की भीड़ के आगे धकेल देते हैं। आरोपियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मीडिया ट्रायल से जुड़े आरोपों के बाद कोर्ट रूम के बाहर सुरक्षा कड़ी करने और जेल में आरोपियों को सुरक्षित व अलग रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## रायसेन का बारना बांध खतरे में?

### 3 विधानसभाओं के 90 हजार हेक्टेयर खेतों को सींचने वाली लाइफ लाइन बदहाल, दिखने लगीं दरारें

**अनोखा तीर, रायसेन।**

मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से एक बेहद चिंताजनक जमीनी हकीकत सामने आई है। क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान माना जाने वाला बारना बांध आज खुद अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहा है। साल 1970 में बना और 1975 से लगातार सिंचाई के काम आ रहा यह बांध भोजपुर, उदयपुरा और बुधनी विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसानों की आजीविका का मुख्य जरिया है। इस बांध के पानी से हर साल लगभग 90 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती है, लेकिन आज इसकी जर्जर हालत को देखकर स्थानीय लोग और किसान सहमे हुए हैं।



**भारी बारिश में बड़े हादसे की आशंका-** ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि अगर समय रहते इस ऐतिहासिक बांध की सुध नहीं ली गई, तो आने वाले दिनों में यह किसी बड़ी आपदा का कारण बन सकता है। मानसून की भारी बारिश के दौरान बांध में पानी का दबाव बढ़ने पर ये दरारें और चौड़ी हो सकती हैं, जिससे आसपास के दर्जनों गांवों की फसलें और इंसानी जिंदगियां खतरे में पड़ जाएंगी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि करोड़ों का मेंटेनेंस बजट डकारने वाले जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर लापरवाही पर कब जागेंगे?

### दीवारों में दरारें और उखड़ा प्लास्टर बयां कर रहा हकीकत

बांध के ऊपर से गुजरने वाले किसी भी शख्स को इसकी बदहाली साफ नजर आ जाएगी। बांध की रेलिंगों का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ चुका है। सबसे ज्यादा डराने वाली बात यह है कि कई महत्वपूर्ण हिस्सों में गहरी दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि जल संसाधन विभाग हर साल इसके रखरखाव और सुरक्षा के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये के बजट का दावा करता है, लेकिन धरातल पर काम के नाम पर सिर्फ लीपापोती की गई है। आलम यह है कि बांध पर लगी स्ट्रीट लाइट के खंभे तो खड़े हैं, लेकिन उनमें बल्ब तक गायब हैं। रात के अंधेरे में यहां का खौफ और बढ़ जाता है। स्थानीय किसान प्रतिनिधि, रायसेन ने कहा बारना बांध हमारे खेतों की जान है। इसकी दीवारों में दरारें आना सीधे तौर पर हमारी जिंदगी और फसलों को खतरे में डालना है। सरकार को तुरंत इसकी उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए कि आखिर मेंटेनेंस का पैसा कहां खर्च हुआ।




# बंगाल में बड़ा 'खेला', टूट गई 'दीदी' की पार्टी

● ममता को बड़ा झटका, ऋतब्रत बनर्जी बने नेता विपक्ष ● विधानसभा स्पीकर ने दी मंजूरी, 60 विधायक हैं साथ!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी के बड़ा झटका लगा है। विधानसभा स्पीकर ने बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता विपक्ष बनाया है। ऋतब्रत बनर्जी ने दावा किया है कि उनको 60 विधायकों का समर्थन हासिल है। टीएमसी से निकाले गए नेता संदीपन साहा ने कहा कि हमने अभी-अभी चिट्ठी सौंपी है। नेता प्रतिपक्ष के लिए तय कमरा आधिकारिक तौर पर अलॉट कर दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष अभी वहीं बैठे हैं। संदीपन साहा ने कहा कि हमारी इच्छा है कि ममता बनर्जी हमारी सलाहकार बनी रहें और हमें अपनी सलाह देती रहें, ताकि हम, नेता प्रतिपक्ष और मुख्य सचेतक के साथ मिलकर, विधानसभा के अंदर पार्टी को प्रभावी ढंग से चला सकें।

## पार्टी की बुरी हालत के लिए अभिषेक जिम्मेदार: संदीपन साहा

उन्होंने कहा कि पार्टी की जो बुरी हालत आज हो गई है, कुछ हद तक, वह अभिषेक बनर्जी की नाकामी है। आखिर, अगर जब सब कुछ अच्छा होता है तो आप उसका श्रेय लेते हैं, तो जब चीजें गलत होती हैं तो आपको उसकी जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। वहीं टीएमसी नेता प्रसून बनर्जी ने कहा ने कहा कि भाजपा के खिलाफ हमारा राजनीतिक संघर्ष बिना रुके जारी रहेगा। हमारी वैचारिक लड़ाई चलती रहेगी। इसके अलावा, जहां भी आवश्यक होगा, एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में सरकार के साथ हमारा सहयोग भी जारी रहेगा।

# अब भारत से अच्छे संबंध चाहता है तुर्की

**साइप्रस को ब्रह्मोस मिसाइलें मिलने के डर ने बदले सुर, बढ़ाया दोस्ती का हाथ**




**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्की की रेसेप तैयप एर्दोगन सरकार के सुर भारत को लेकर बदल गए हैं। तुर्की के विदेश मंत्री ने भारत से नाराजगी दूर करने और अच्छे संबंध बनाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि भारत-तुर्की संबंधों के बीच में पाकिस्तान नहीं आना चाहिए। तुर्की का यह बदला हुआ रुख तब दिखा है, जब तुर्की के कट्टर दुश्मन साइप्रस ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइलें और कामिकाज ड्रोन खरीदने की तरफ तेजी से कदम बढ़ाए हैं। तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान ने एक कार्यक्रम में भारत-तुर्की संबंधों पर हुए एक सवाल पर कहा, अगर भारत को इस बात से नाराजगी है कि हमारे पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध हैं तो ऐसे तो कई देश हैं, जिनके इस्लामाबाद के साथ करीबी रिश्ते हैं। पाकिस्तान से रिश्ते को आपसी संबंधों के बीच में नहीं लाया जाना चाहिए। फिदान ने आगे कहा कि द्विपक्षीय स्तर पर भारत के साथ हमारी कोई समस्या नहीं है। हम भारत से आग्रह करते हैं कि वह इस मुद्दे (पाकिस्तान) को किसी दूसरे नजरिए से ना देखे।

**संक्षिप्त समाचार**

## डीके शिवकुमार बने कर्नाटक के नए सीएम

● संविधान हाथ में लेकर ली शपथ, 12 मंत्री भी बनाए
● जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने सिद्धा के बेटे भी मंत्री

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शिवकुमार को 30 मई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया था। वे सिद्धारमैया की जगह राज्य की कमान संभालेंगे। उनके अलावा जी परमेश्वर ने नए डिप्टी चीफ मिनिस्टर पद की शपथ ली। शिवकुमार के साथ 13 विधायकों ने भी शपथ ली। इनमें पूर्व सीएम सिद्धारमैया के एमएलसी बेटे यतींद्र सिद्धारमैया भी शामिल हैं। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। सिद्धारमैया 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे। सोनिया गांधी ने शपथ लेने से पहले डीके शिवकुमार को फोन पर बधाई दी। कांग्रेस नेताओं ने कर्नाटक के नए सीएम डीके शिवकुमार की जमकर तारीफ की। कांग्रेस विधायक विजय वडेट्टीवार ने इस बात पर जोर दिया कि पार्टी को मजबूत बनाने में शिवकुमार ने लगातार अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी राज्य में पार्टी को मुश्किलों का सामना करना पड़ा है शिवकुमार ने हमेशा कांग्रेस को आगे बढ़ाने में मदद की है। उन्हें अपने राज्य के बाहर भी एक जुझारू नेता के तौर पर जाना जाता है। उनकी पहचान एक ऐसे नेता के रूप में भी है जो दूसरों के सुख-दुख में शामिल होते हैं। समारोह में शामिल होने के लिए बेंगलुरु पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शासन और पार्टी संगठन, दोनों में शिवकुमार की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का हर निवासी सिद्धा रमैया के कार्यकाल में राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास पर गर्व महसूस करता है।



## चंबल सैंक्चुरी में रात 12.59 बजे लोडर से रेत खनन

● सुप्रीम कोर्ट की रोक बेअसर
● खुर्द घाट का डेट-टाइम वाला सामने आया वीडियो

**मुरैना (एजेंसी)।** मुरैना जिले की चंबल सैंक्चुरी से अवैध तरीके से रेत निकालने का एक और वीडियो सामने आया है। यह वीडियो 2-3 जून की दरमियानी रात करीब 12.59



बजे महुआ थाना क्षेत्र के खुर्द घाट का बताया जा रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि लोडर मशीन से रेत निकाली जा रही है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरा जा रहा है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति ने इसमें खनन का टाइम और डेट भी डाला है। वहीं वीडियो सामने आने के बाद संबंधित विभागों में हलचल बढ़ गई है। देवरी घड़ियाल अभयारण्य के अधीक्षक श्याम सिंह चौहान ने बताया कि विभाग को वीडियो और अवैध खनन की सूचना मिली है। मामले की जांच के लिए वन विभाग और महुआ पुलिस के सहयोग से संयुक्त टीम रवाना की गई।

● **सुप्रीम कोर्ट ने अभयारण्य क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के आदेश दिए हैं-** गौरतलब है कि चंबल अभयारण्य क्षेत्र में अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही सख्त रुख अपना चुका है। कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन को अभयारण्य क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे प्रशासनिक निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं।

# दिल्ली में आग ने 'लील' ली 21 जिंदगी

● मालवीय नगर के 6 मंजिला होटल में भीषण अग्निकांड ● 40 लोगों को बचाया गया, मरने वालों में ज्यादातर विदेशी नागरिक



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मालवीय नगर में बुधवार सुबह फ्लरिश स्टे नाम के होटल में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर विदेशी नागरिक हैं। जो सेंट्रल एशिया और अफ्रीकी देशों से हैं। कितने विदेशी नागरिक मारे गए हैं, फिलहाल इसकी सटीक जानकारी सामने नहीं आई है। दिल्ली फायर सर्विस और स्थानीयों लोगों के मुताबिक, मालवीय नगर में मौजूद इस होटल के रेस्टोरेंट में सुबह 8.50 बजे आग लगी। आग ऊपरी मंजिलों पर बने होटल के कमरों और बेसमेंट तक पहुंच गई। घटना के वीडियो में कुछ लोग जान बचाने के लिए जलती हुई इमारत की तीसरी-चौथी मंजिल से कूदते नजर आ रहे हैं। इन्हें



बचाने के लिए स्थानीय लोगों ने जमीन पर गद्दे भी बिछाए थे। कुल 40 लोगों का रेस्क्यू किया गया। कई लोगों की हालत गंभीर है। वहीं, बेसमेंट से भी 6 से ज्यादा लोगों को निकाला गया। दिल्ली के इस होटल में आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चल पाया है। पिछले 6 महीनों में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत हो चुकी है।





**रेस्टोरेंट के ऊपर होटल था, आग 6 मंजिल तक पहुंची**

आग 6 मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर बने बी-एन-बी रेस्टोरेंट में लगी। कुछ देर बाद होटल में ऊपर की तरफ फैल गई। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल और एम्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।

**अग्निकांड में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज**

मालवीय नगर होटल अग्निकांड केस में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक होटल में आने-जाने के लिए केवल एक ही रास्ता था। अब होटल के फायर सेफ्टी एनओसी और सुरक्षा इंतजामों की जांच की जा रही है। इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर रेस्तरां और ऊपर की मंजिलों पर होटल संचालित हो रहा था। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।



**6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे थे**

फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमीशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे। आग लगने के बाद होटल के रेस्टोरेंट के बेसमेंट में भी काफी लोग फंसे थे। इसमें अंदर जाने और बाहर निकलने का रास्ता एक ही था, जो बहुत संकरा था। होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी। आने जाने का एक ही रास्ता था।

## हकीमपुर में बांग्लादेश बॉर्डर पर घुसपैठियों की भारी भीड़

● बीएसएफ ने लाइन लगाकर चेक किए बायोमीट्रिक रिकॉर्ड

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अवैध बांग्लादेशी अपने आप ही बॉर्डर पार जा रहे हैं। इसके कारण बंगाल के हकीमपुर बॉर्डर पर काफी भीड़ देखी जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया है कि इस चेक पोस्ट पर करीब 300 बांग्लादेशियों की भीड़ पहुंची हैं। इन्हें बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद वापस भेजने की तैयारी की गई है। पश्चिम बंगाल शुभेंदु अधिकारी के के मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी भारत से लौट रहे हैं।




**कंधों पर समान लेकर पहुंचे बॉर्डर-** बुधवार को इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट क्षेत्र में स्थित हकीमपुर बॉर्डर पर बांग्लादेश लौटने वाले लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। अधिकारियों के अनुसार, इनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, जिनकी कुल संख्या लगभग 300 बताई जा रही है।

# अमेरिका ने होर्मुज में ईरानी आईलैंड को बनाया निशाना

● ईरान का कुवैत-बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर भीषण हमला

**तेहरान/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच अप्रैल में हुए युद्धविराम के बाद बीती रात सबसे बड़े सैन्य टकरावों में से एक देखने को मिला। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर हमले किए, जिससे युद्धविराम और परमाणु वार्ता दोनों पर फिर से संकट के बादल मंडराने लगे हैं। तनाव तब शुरू हुआ जब अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप के एक ईरानी बंदरगाह की ओर जा रहे बोत्सवाना के झंडे वाले एक तेल टैंकर पर हेलफायर मिसाइल से हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड का कहना है कि जहाज ने ईरानी बंदरगाहों पर लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंध और नाकेबंदी का पालन नहीं किया था। इसके जवाब में ईरान ने लाइबेरिया के झंडे वाले एक जहाज पर मिसाइलें दागने का दावा किया।



● **अमरीका ने ईरानी ऑयर टैंकरों पर हमले किए-** अमेरिका ने ईरान के केश्म आइलैंड, गोरुक और होर्मुज के पास ऑयल टैंकरों पर हमले किए। ईरान ने जवाब में एक जहाज को मिसाइल से निशाना बनाया। ट्रम्प ने लेबनान में इजराइली हमलों पर नेतन्याहू को फोन पर फटकार लगाई। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा-अगर मैं नहीं होता तो तुम जेल में होते। लेबनान में इजराइली हमले जारी हैं। नबातियेह समेत कई इलाकों पर एयरस्ट्राइक हुईं, जबकि हिजबुल्लाह ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

## सूर्या की मौत के बाद मदरसे पर चला बुलडोजर

● 850 जवान रहे तैनात, इलाके में किया फ्लैग मार्च

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** सूर्या चौहान हत्याकांड के मुख्य आरोपी असद के एनकाउंटर के बाद गाजियाबाद में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। खोड़ा से करीब 15 किलोमीटर दूर मसूरी क्षेत्र में बुलडोजर चलाकर एक मदरसे को ध्वस्त किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यह मदरसा सरकारी




जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। इससे पहले सूर्या चौहान के इलाके खोड़ा में भी बुलडोजर पहुंचा था, लेकिन बाद में अधिकारी उसे लेकर मसूरी क्षेत्र में पहुंच गए। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और रैपिड रिस्पांस फोर्स के 850 जवान पूरे इलाके में तैनात किए गए हैं। वहीं, प्रशासन अवैध निर्माणों और संपत्तियों की जांच में जुटा हुआ है। अब तक 1,600 से अधिक लोगों का सत्यापन किया जा चुका है और संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# दुनिया की आधी आबादी के भूखों मरने की नौबत

● जल्दी नहीं रुका ईरान युद्ध तो मच जाएगा हाहाकार ● चावल की कीमत में पिछले दो महीनों में भारी तेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान युद्ध को तीन महीने से ज्यादा समय हो चुका है और फिलहाल इसके खत्म होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट के अधिकांश हिस्से में माइन बिछा दी है। इससे वहां से जहाजों की आवाजाही ठप पड़ी है। साथ ही ईरान ने बाब अल मंदेब को भी बंद करने की धमकी दी है। यह लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और यूरोप तथा एशिया के बीच ट्रेड का अहम रास्ता है। ईरान युद्ध के कारण दुनिया में तेल, गैस और फर्टिलाइजर्स की सप्लाई टाइट होने से इनकी कीमत में काफी तेजी आई है। इससे दुनिया के भूखों मरने की नौबत आ गई है। ईरान युद्ध के बाद फर्टिलाइजर की कीमत में 50 फीसदी तेजी आई है। इसका सीधा असर खाने-पीने की चीजों खासकर चावल पर देखने को मिल रहा है। मई में एशियाई बेंचमार्क थाईलैंड वाइट प्राइस की कीमत में 20 फीसदी तेजी आई जो 2008 में आंकड़े रखने की शुरुआत होने के बाद एक महीने में आई सबसे ज्यादा तेजी है। अप्रैल से यह 26 फीसदी चढ़ चुका है। इसकी कीमत 480 डॉलर प्रति टन पहुंच चुकी है। इसी तरह शिकागो राइस फ्यूचर्स में भी पिछले महीने 15 फीसदी तेजी आई।



**आधी आबादी का मुख्य आधार**

दुनिया में आधी आबादी यानी 3.5 अरब से 4 अरब लोगों के मुख्य आहार चावल है। धान की फसल में फर्टिलाइजर का बहुत यूज होता है लेकिन आगे भी इसमें राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। इसकी वजह यह है कि फर्टिलाइजर्स की कीमत में आगे और तेजी आने की आशंका है। 28 फरवरी को ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से थाईलैंड, कंबोडिया और फिलीपींस में नाइट्रोजन फर्टिलाइजर की कीमत में 50 फीसदी तेजी आई है। अमेरिका जैसे देश को भी वेनेजुएला से फर्टिलाइजर आयात करना पड़ रहा है क्योंकि ईरान युद्ध के कारण इसकी कीमत में काफी तेजी आई है। अमेरिका ने वेनेजुएला से तेल और गैस के साथ-साथ यूरिया और फॉस्फेट जैसे फर्टिलाइजर्स आयात करने के लिए नए लाइसेंस जारी किए हैं।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य का दो दिवसीय हरदा प्रवास

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो 4 और 5 जून 2026 को हरदा जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रियंक कानूनगो 4 जून को दोपहर 3.30 बजे टिमरनी पहुंचेंगे। वे टिमरनी नदी के राधाबाई घाट का निरीक्षण करेंगे तथा स्थानीय नागरिकों से मानव अधिकारों के समसामयिक मुद्दों पर संवाद करेंगे। इसके बाद वे हरदा में रात्रि विश्राम करेंगे। 5 जून को प्रात: 10 बजे से हरदा जिले में मानव अधिकारों एवं समावेशी विकास से जुड़े प्रमुख विषयों के क्रियान्वयन की स्थिति और जमीनी हकीकत की व्यापक समीक्षा करेंगे तथा मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इसके पश्चात पूर्वाह्न 11.30 बजे हरदा से प्रस्थान करेंगे।

## सार-समाचार

### सामाजिक समरसता एवं समाज की एकता का दिया संदेश

#### ओम नारायण दुबे का किया स्वागत-सम्मान

**अनोखा तीर, हरदा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला हरदा परिवार एवं विभिन्न समाजों के वरिष्ठजनों द्वारा कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ओम नारायण दुबे का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, समाज की एकता तथा शोषणमुक्त समाज की स्थापना को लेकर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के दौरान ओम नारायण दुबे ने सभी समाजों के बीच आपसी सद्भाव, सहयोग एवं एकजुटता बनाए



रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलना ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने शोषणमुक्त समाज की रचना तथा सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी संदेश भी दिया। स्वागत-सम्मान कार्यक्रम में कमल सोनी, अशोक पाराशर, अशोक नेगी, नर्मदा प्रसाद गौर, विष्णु गौर, विनोद चौहान, सुरेंद्र कौर, दयाराम, गोपाल गंगराड़े, निशांत राजपूत, मनोज महालवाल, हरकिशन रनवे, अनिल गीते, संजय थाते, प्रहलाद नागवे, नानकराम मुकाती, सत्यनारायण दोगने, मोहनलाल सोनी, महेश सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थितजनों ने सामाजिक समरसता और समाज की एकता को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

#### जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर...

### नगर पालिका के 138 प्रगणक और 23 पर्यवेक्षक हुए सम्मानित

**अनोखा तीर, हरदा।** नगरीय क्षेत्र हरदा में बुधवार को जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। चार्ज जनगणना अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी





कमलेश पाटीदार, अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी तरुण पाटिल तथा कार्यालय अधीक्षक आलोक शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनगणना कार्य में संलग्न नगरीय क्षेत्र हरदा के सभी 138 प्रगणक और 23 पर्यवेक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ग्राम पंचायत में दो दिन तक निःशुल्क बनेंगे आधार

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्रामीणों को आधार कार्ड संबंधी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन में दो दिवसीय आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 5 एवं 6 जून को आयोजित होगा, जिसमें नए आधार कार्ड बनाने के साथ-साथ आधार में आवश्यक संशोधन एवं अपडेट का कार्य भी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पोस्ट ऑफिस के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों के नागरिक इस शिविर का लाभ ले सकेंगे। शिविर में विशेष रूप से उन बच्चों के आधार कार्ड




बनाए जाएंगे जिनके अभी तक आधार नहीं बने हैं। बच्चों के नए आधार कार्ड बनाने की सुविधा पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी, जिससे अभिभावकों को राहत मिलेगी। पोस्टमास्टर राजेश पाटिल ने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनके अभिभावक आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर आधार बनवा सकते हैं। वहीं जिन लोगों को अपने आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर अथवा अन्य जानकारी अपडेट करानी है, उनसे निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि आधार कार्ड संबंधी कार्यों के लिए अंतिम समय का इंतजार न करें और शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित होने वाले इस शिविर से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने आधार अपडेट कराने आने वाले नागरिकों से आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की भी सलाह दी है, ताकि कार्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का मिशन 2028-29 : मोहन सांई






**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वर्तमान विधायक अजय सिंह राहुल भैया का दो दिवसीय हरदा जिले का दौरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। दौरे के दौरान उन्होंने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के निवास पर पहुंचकर उनसे चर्चा की तथा आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में प्रदेश और देश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए संकल्प दिलाया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय होटल बागवान में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अजय सिंह राहुल भैया ने जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं से संवाद करते हुए कहा कि समय कम है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने गांवों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों से सरकार किसानों, गरीबों और आमजन का शोषण कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि वर्ष 2027 में त्रिस्तरीय पंचायत, नगर पालिका एवं नगर परिषद के चुनाव होने हैं। इन चुनावों में अच्छे लोगों का चयन करना आवश्यक है, ताकि वर्ष 2028 और 2029 में कांग्रेस की सरकार बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि आज देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। किसान उपज बेचने, खाद लेने तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। डीजल और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को पीने का पानी और समय पर राशन नहीं मिल रहा है तथा किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और भारी बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। ऐसे में सभी को एकजुट होकर कांग्रेस की सरकार बनाने और कांग्रेस की रीति-नीति को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, विभाग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, जिला संगठन महासचिव गोविंद सूरमा, हरदा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद व्यास, सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, टिमरनी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, सिराली ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, रहटगांव ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन पटेल, करताना ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम चौहान, सुप्रिया पटेल, प्रमिला सिंह ठाकुर, रेना पालीवाल, रामविलास पटेल, रामचरण सिंधे, राधेश्याम सिरोही, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, सूरज सिंह, भूपेश पटेल, विजय सुरमा राजपूत, राहुल पटेल (देवास), सेवादल जिला अध्यक्ष सहीद खान, अहद खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश चौहान, संतु राजपूत, अनिल बिश्नोई, भजन बेनीवाल, दशरथ पटेल, राकेश पाराशर, विजय सिरोही, ईश्वर सिरोही, मयाराम यादव, अनिल कालीराना, रामदास तोमर, शिव कपड़िया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए...

## 5 से 21 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा

**अनोखा तीर, हरदा।**

जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने विशेष अभियान के लिए सभी संभाग आयुक्त, कलेक्टर और जिला पंचायत के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं।

**स्वच्छता अभियान** - स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग नोडल विभाग रहेगा। शासकीय कार्यालय भवन, स्कूल भवन, छात्रावास भवन आदि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जल स्त्रोतों के आसपास सफाई एवं गहरीकरण जैसी गतिविधियां भी की जाएंगी।

**तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन** - 12 से 18 जून के बीच जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालय पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी एवं वीबी-जी-रामजी योजनाओं सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन कराया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविरों में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विकास एवं प्रगति से संबंधित प्रदर्शनी जनसंपर्क विभाग के सहयोग से आयोजित की जाएगी। सफलता की कहानियां, चित्रकला प्रतियोगिताएं एवं लाभार्थियों के अनुभव साझा करने जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं** - 19 एवं 20 जून 2026 को प्रत्येक जिले में दो स्थानों पर कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं अनुभवी व्यक्तियों द्वारा प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें प्रदर्शन एवं व्याख्यान भी होंगे।

#### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम 21 जून 2026 तक चलेंगे। पौधरोपण अभियान में पीपल, आम, बरगद, नीम आदि के पौधरोपण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का नोडल विभाग पर्यावरण विभाग रहेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, वन तथा उद्यानिकी विभाग इस अभियान को क्रियान्वित कराएंगे।

## विश्व क्लब फुट दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला चिकित्सालय हरदा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में क्लब फुट जैसी जन्मजात विकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ प्रभावित बच्चों को समय पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब फुट से प्रभावित दो नवजात बच्चों का प्लास्टर उपचार किया गया, जबकि तीन बच्चों को उपचार के अगले चरण के लिए विशेष प्रकार के जूते (ब्रेसेस) प्रदान किए गए। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक जाट, डॉ. मनीराम उईके, डॉ. अस्पाक खान, प्रभारी जिला समन्वयक आरबीएसके आशीष साकल्ले, पारूल काशिव, नीरज मालवीय, अनुष्का फाउंडेशन से विकास राजपूत सहित बच्चों के परिजन उपस्थित रहे।

**क्लब फुट का उपचार** - विशेषज्ञों के अनुसार क्लब फुट का उपचार जन्म के तुरंत बाद अथवा




जीवन के प्रारंभिक सप्ताहों में शुरू करना सबसे प्रभावी रहता है। पोंसेटी विधि के माध्यम से क्रमिक प्लास्टर लगाए जाते हैं, आवश्यकतानुसार छोटी शल्य प्रक्रिया (टेनोटॉमी) की जाती है तथा बाद में विशेष जूते एवं बार (ब्रेसेस) पहनाए जाते हैं, जिससे विकृति की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी नवजात शिशु के पैर जन्म से टेढ़े या मुड़े हुए दिखाई दें तो उपचार में देरी न करें और तत्काल जिला चिकित्सालय के क्लब फुट क्लिनिक से संपर्क कर समय पर एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करें, ताकि बच्चा स्वस्थ और सामान्य जीवन जी सके।

#### क्लब फुट क्या है?

जिला चिकित्सालय हरदा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक जाट ने बताया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति है, जिसमें नवजात शिशु के एक या दोनों पैर अंदर एवं नीचे की ओर मुड़े होते हैं। यदि समय पर उपचार न कराया जाए तो भविष्य में चलने-फिरने में कठिनाई हो सकती है। यह समस्या जन्म के समय ही दिखाई देती है और इसका उपचार पूरी तरह संभव है। जिला चिकित्सालय हरदा में प्रत्येक बुधवार को क्लब फुट क्लिनिक लगाया जाता है।

## हनुमान टेकरी का प्राचीन चमत्कारी मंदिर

- **जहां पूरी होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं**

**अनोखा तीर, हंडिया।**





पुण्य सलिला मां नर्मदा से लगभग 12 किलोमीटर दक्षिण दिशा में ग्राम रातातलाई और पचौला के मध्य स्थित हनुमान टेकरी पर विराजमान बजरंगबली का प्राचीन एवं चमत्कारी मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां लगातार पांच शनिवार तक हनुमान चालीसा का पाठ करने से श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की परेशानियों एवं संकटों से मुक्ति मिलती है। हनुमान टेकरी के महंत रमेश सत्यवृत गिरी ने बताया कि वे पिछले 15 से 20 वर्षों से बजरंगबली की सेवा में लगे हुए हैं। मंदिर में दक्षिणमुखी हनुमानजी की सिद्ध प्रतिमा विराजमान है। इसके अलावा यहां भगवान शंकर, ज्वाला देवी सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं, जहां श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। महंत रमेश सत्यवृत गिरी के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और बजरंगबली की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर परिसर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहता है, जिससे श्रद्धालुओं को विशेष शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रातातलाई द्वारा मंदिर परिसर में शौचालय निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन वह अभी भी अपूर्ण स्थिति में पड़ा हुआ है। वहीं कुछ दूरी पर गौशाला का निर्माण कार्य भी कराया गया है, जिसकी वर्तमान स्थिति दयनीय बनी हुई है।

स्थानीय श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने इन अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### निर्माणाधीन जिला कार्यालयों का कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाए : हेमंत खण्डेलवाल

**अनोखा तीर, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिन जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों का भूमि-पूजन किया गया है, उनका निर्माण कार्य वर्ष 2027 में पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। संगठन ने अगले वर्ष स्थापना दिवस पर निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के लोकार्पण का लक्ष्य निर्धारित किया है। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जिन जिलों के कार्यालय पुराने हो गए हैं, उनका आवश्यकता के अनुरूप नवीनीकरण किया जाए तथा उन्हें कार्यकर्ताओं की सुविधा के अनुसार अधिक व्यवस्थित बनाया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन जिला कार्यालयों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिला कार्यालयों में पुनरुद्धार की आवश्यकता है, उनकी रिपोर्ट जिलों से मंगाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सभी जिला कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं वर्चुअल बैठक की व्यवस्था विकसित की जाए, ताकि बैठकों के लिए कार्यकर्ताओं को जिलों से भोपाल नहीं आना पड़े। बैठक में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन तथा आर्किटेक्ट गौरव गर्ग उपस्थित रहे।

#### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

## लोग अपराध कर क्यों रहे हैं...



उत्तर प्रदेश में हाल में हत्या की कई घटनाओं से साफ है कि अपराध पर काबू करने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है। ऐसा लगता है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की सरकार और पुलिस बेफिक्र हैं और दूसरी ओर अपराधियों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। यह बेवजह नहीं है कि हत्या की लगातार कई वारदातों के बाद विपक्षी दलों की ओर से सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाने लगा है।

दरअसल, बीते कुछ दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में एशियाई खेलों के लिए चुने गए एक पैरा-एथलीट और एक राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी महिला खिलाड़ी सहित हत्या की अन्य घटनाओं के बाद सरकार इस बात के लिए आलोचना के कठघरे में है कि क्या राज्य की कानून-व्यवस्था ठप हो चुकी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी आपराधिक घटनाओं की वजह से खुद मुख्यमंत्री योगी के भीतर काफी नाराजगी देखी गई और उन्होंने ज्यादा अपराध दर वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। सवाल है कि क्या केवल सख्ती के दावे और हिदायतों के दम पर राज्य में अपराध और आपराधिक मानसिकता वाले लोगों पर काबू पाया जा सकता है। अगर ऐसा संभव हो पाता, तो आज राज्य सरकार जघन्य अपराधों में तेज बढ़ोतरी के लिए खुद को आलोचना के घेरे में खड़ा नहीं पाती। जब उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुआ था, तब भाजपा का वादा यही था कि वह राज्य को अपराध और अपराधियों से मुक्त कराएगी। अपराधियों पर काबू पाने के मकसद से की गई कुछ फौरी सख्ती और कार्रवाइयों से ऐसा लगा भी। मगर हत्या या अन्य किसी जघन्य अपराध के आरोपियों को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के कुछ मामलों में पुलिस के रवैये पर सवाल भी उठे। आज एक समांतर सच यह भी है कि आपराधिक मानसिकता के लोग बेधड़क सामान्य से लेकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे रहे हैं और अपराध के खात्मे का दावा करने वाली सरकार अपराधियों को रोक पाने में नाकाम दिख रही है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। अपराध के बेलगाम होते जाने के बीच अब ऐसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिनमें हत्या की वजहें हैरान करती हैं। उत्तर प्रदेश के मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की एक कबड्डी खिलाड़ी की हत्या सिर्फ 3,600 रुपये के उधार की वजह से कर देने की खबर आई। इस घटना में भी पहला सवाल यही है कि आरोपी के भीतर आखिर क्यों पुलिस और कानूनी कार्रवाई का कोई खौफ नहीं था। दूसरे, कोई व्यक्ति अपने लिए तीन-चार हजार रुपये को इतनी बड़ी रकम कैसे मान लेता है कि वह उसके लिए किसी की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश की इस घटना के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें दो-चार या पांच सौ रुपये जैसी मामूली रकम के लिए किसी की जान ले ली जा रही है। क्या देश में यह एक नई तस्वीर बन रही है कि आर्थिक असुरक्षा और बदहाली की स्थिति लोगों के मनोविज्ञान पर गहरा और घातक असर डाल रही है? जाहिर है, आदतन या सुविधा से अपराध करने वालों के खिलाफ सख्ती के साथ-साथ सामान्य पृष्ठभूमि के लोगों के जघन्य अपराधों को अंजाम देने की परिस्थितियों और वजहों पर विचार करना वक्त की जरूरत है। बिना जड़ पर प्रहार किए अपराध पर पूरी तरह काबू पाना एक चुनौती बनी रहेगी। गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में सत्यापन कार्य तेज करते हुए प्रशासन ने मंगलवार को दो गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या उसके दोस्त असद और उसके साथियों द्वारा किए जाने के बाद की जा रही है। मामले का मुख्य आरोपी असद पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। कई दुकानें मंगलवार को बंद रहीं, जिनमें दोनों समुदायों के सदस्यों द्वारा संचालित प्रतिष्ठान भी शामिल थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

## 8 पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की फिराक में था आरोपी**




**अनोखा तीर, भैरुंदा।** अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 8 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन व थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि 2-3 जून की दरमियानी रात पुलिस टीम जब कस्बा गश्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चींटीखेड़ा रोड पर विष्णु पंवार ने अपने एक निर्माणाधीन मकान में शराब की पेटियां छिपाकर रखी हैं और वह उन्हें वहां से निकालकर कहीं और ले जाने की फिराक में है। जानकारी के बाद जब पुलिस टीम चींटीखेड़ा रोड स्थित ग्राम अकावलिया में विष्णु पंवार के खेत पर बने मकान पर पहुंची तो वहां बरामदे में अंधेरे में एकव्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पुलिस ने जब बरामदे की तलाशी ली तो वहां शराब की पेटियां रखी हुई पाई गईं। चेकिंग के दौरान वहां पर देशी मदिरा शराब की 8 पेटियां कुल 63 लीटर शराब बरामद हुईं। जब्त की गई अवैध शराब की कुल अनुमानित कीमत 31,500 रुपए है। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खेती कैसे बनेगी लाभ का धंधा

**डीजल व बीजों के दाम बढ़ने से महंगी हुई किसानी**

**छोटे किसानों को सबसे अधिक नुकसान, खेती का बजट भी बिगड़ा**




**अनोखा तीर, भैरुंदा।**

सरकार के खेती को लाभ का धंधा बनाने के संकल्प को मंहगे डीजल और बीजों ने ग्रहण लगा दिया है। लगातार दामों में वृद्धि के बाद किसान के ऊपर खेती में महंगाई की मार देखने को मिल रही है। पहले खेती डीजल व बीज की उधार खरीदी कर आसानी के साथ हो जाती थी। लेकिन इस बार खेती का पैटर्न बदला हुआ नजर आ रहा है। पेट्रोल पंपों पर डीजल की उपलब्धता कम देखने को मिल रही है। इसलिए उधार की बात तो दूर किसानों को नगद पैसा देने के बावजूद भी डीजल आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लगभग 100 रुपए प्रति लीटर डीजल के दाम पहुंच चुके हैं। डीजल की कीमतों में लगातार हुई बढ़ोत्तरी ने खेती की लागत को अचानक बढ़ा दिया है। किसान इस बार संकट में है। क्योंकि केवल डीजल के दामों ने ही नहीं बल्कि सोयाबीन बीज के दामों ने भी किसानों की नींद उड़ा रखी है। 3000 से 4000 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर आसानी के साथ उपलब्ध होने वाला सोयाबीन का बीज इस समय 10000 प्रति क्विंटल के दाम पर भी किसानों को नहीं मिल पा रहा। बाजार के मूल्यों का यदि आकलन किया जाए तो 14000 प्रति क्विंटल तक का बीज मौजूद है। बीज के दाम बढ़ने से महंगाई का तड़का लगना भी स्वाभाविक है। ऐसे में इस बार किसान पर चौतरफा मार देखने को मिल रही है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार हमेशा किसानों को फोकस कर अपनी राजनीति का केंद्र बिंदु तैयार करती है। लेकिन इराक ईरान और अमेरिका युद्ध इस बार देश में वैश्विक संकट पैदा कर दिया है। युद्ध के कारण कई रोजमर्रा की वस्तुओं में तेजी के साथ इजाफा हुआ है। इसमें प्रमुख रूप से रसोई गैस व पेट्रोल डीजल है। रसोई गैस के दाम बढ़ने से जहां रसोई का बजट गड़बड़ा गया है वही डीजल पेट्रोल के दाम बढ़ने से आम लोगों की जेब पर सीधा महंगाई का खर्च बड़ा है।

**डीजल के दाम बढ़ने से कृषि यंत्र किराए में हुई वृद्धि-** डीजल के दाम बढ़ने से किसानों के सामने बड़ा संकट कृषि यंत्रों के किराए में वृद्धि का भी खड़ा हो गया है। महज पिछले 20 दिनों के भीतर ही ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों के किराए में अनुमानित 200 रुपए प्रति घंटा तक की वृद्धि हुई है। इससे खरीफ फसलों के लिए खेत तैयार करने से लेकर बुआई और कटाई तक का पूरा बजट बिगड़ गया है। सबसे अधिक परेशानी उन छोटे और सीमांत किसानों को हो रही है। जिनके पास खुद के कृषि यंत्र नहीं हैं और वह पूरी तरह किराए की मशीनों पर निर्भर हैं। डीजल की बढ़ती कीमतों का असर इतना है कि अब कई ट्रैक्टर संचालकों ने खेतों में मशीन उतारने से पहले ही किसानों से डीजल का नकद भुगतान लेना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि पहले दो-चार दिन की उधारी आसानी से चल जाती थी। लेकिन अब एडवांस भुगतान मांगा जा रहा है। खाद, बीज और मजदूरी पहले से ही महंगी है। ऐसे में डीजल ने खेती को और अधिक खर्चीला बना दिया है। बड़े हुए किराए के कारण एक खेत तैयार करने में पहले की तुलना में अतिरिक्त खर्च हो रहे हैं। जिसका सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ रहा है। किसानों की माने तो पहले ट्रैक्टर्स की जुताई का खर्च 700 रुपए प्रति घंटा लगता था। जो अब बढ़कर 900 रुपए तक पहुंच गया है। खेत में प्लाऊ करने के 900 रुपए प्रति घंटे के स्थान पर अब 1100 लिए जा रहे हैं। थ्रेसर का किराया भी बढ़कर 1000 से 1200 के स्थान पर 1400 से 1500 रुपए प्रति घंटे तक पहुंच चुका है।

### उपज दाम स्थिर, लागत बेलगाम, सरकार के दावे फेल

किसान संगठन के गजेंद्र जाट, विष्णु प्रसाद डोड शंकर पटेल, भगवान सिंह पटेल का कहना है कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि खेती की लागत तो लगातार बढ़ रही है। लेकिन किसानों की उपज के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। मंडियों में किसानों को कई फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तक नहीं मिल पा रहा है। गेहूं, सोयाबीन, मूंग के भाव स्थिर बने हुए हैं। किसानों का साफ कहना है कि जब लागत लगातार बढ़े और उपज का उचित मूल्य न मिले तो खेती फायदे का नहीं बल्कि घाटे का सौदा बन जाती है। खरीफ सीजन की शुरुआत में ही इस बढ़ती लागत ने क्षेत्र के किसानों की चिंता को गहरा कर दिया है। यदि समय रहते डीजल और कृषि कार्यों के खर्च पर नियंत्रण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में किसानों के लिए खेती करना दूभर हो जाएगा।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खेती का हर चरण अब महंगा हो चुका है। जुताई, बुआई, सिंचाई, कटाई और मंडी तक उपज पहुंचाने के लिए पूरी तरह डीजल पर निर्भरता है। पहले सीमित बजट में खेती की तैयारी पूरी हो जाती थी। लेकिन अब हर काम में अतिरिक्त खर्च जुड़ रहा है, जिससे प्रति एकड़ लागत लगातार बढ़ रही है और किसानों का मुनाफा घटता जा रहा है।

## गरिमामयी सेवा के बाद शिक्षक वेदप्रकाश शर्मा को मिली भावभीनी विदाई

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भादाकुई में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक वेदप्रकाश शर्मा को शाला परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एक सम्मान समारोह का आयोजन कर उनके दीर्घायु और सुखद भविष्य की कामना की गई। मूल रूप से भादाकुई के निवासी वेदप्रकाश शर्मा ने 16 सितंबर 1982 को इसी शाला से अपने शिक्षकीय सफर की शुरुआत की थी और वर्ष 1986 में वह सहायक शिक्षक बने। खरसानिया और भादाकुई के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं देने के बाद वर्ष 2023 में वह उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। 31 मई 2026 को उन्होंने अपनी लंबी और गौरवशाली शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति ली।

विदाई समारोह में विकासखंड शिक्षाधिकारी साक्षी जैन, संकुल प्राचार्य विजय नागर, ललित कीर और चंद्र शेखर शर्मा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। अतिथियों ने शर्मा को तिलक लगाकर, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके अनुशासित जीवन और शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नौकरी की समयसीमा समाप्त हो सकती है, लेकिन एक शिक्षक समाज के लिए हमेशा मार्गदर्शक रहता है। इस विदाई बेला पर भावुक होते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि बच्चों के बीच बिताया हर पल उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम के अंत में पूरे स्टाफ और ग्रामीणों ने करतल ध्वनि से उन्हें विदाई दी।

## महिलाओं में अक्सर देर से चलता है हृदय रोग का पता

**अमरपाल शर्मा**

दुनिया भर में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। चिकित्सा विज्ञान ने असाध्य कही जाने वाली कई बीमारियों पर काबू पा लिया है। औसत आयु बढ़ी है और तकनीक ने इलाज को पहले से कहीं अधिक आधुनिक और आसान बना दिया है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में महिलाएं पहले की तुलना में दीर्घायु जीवन जी रही हैं। मगर यह भी सच्चाई है कि लंबी उम्र के बावजूद महिलाओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन की हाल में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार करोड़ों महिलाएं आज भी ऐसी जिंदगी जी रही हैं, जिसमें दर्द है, उपेक्षा है, गलत इलाज है और एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था है, जो अब भी पुरुष शरीर को 'मानक' मान कर चलती है। दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति होने के बावजूद महिलाओं के लिए समान और संवेदनशील इलाज अब भी एक चुनौती है।

विश्व में महिलाओं की औसत आयु लगभग 73.8 वर्ष है, जो पुरुषों की औसत आयु करीब 68.4 वर्ष से अधिक है। फिर भी उनके जीवन का लगभग पच्चीस फीसद से अधिक समय खराब सेहत के साथ गुजरता है। यानी महिलाएं लंबे समय तक पुरानी बीमारियों और लगातार पीड़ा से त्रस्त रहती हैं। वे कई बार बिना इलाज या गलत निदान से भी जूझती हैं।

सवाल है कि आखिर महिलाओं के लिए अनुकूल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्यों संभव नहीं हो पा रही हैं? क्यों महिलाओं और पुरुषों के लिए समान स्वास्थ्य सेवाएं विकसित नहीं की जा रही हैं? अगर इन सवालों का जवाब ईमानदारी से तलाशें, तो इस स्थिति के पीछे पितृसत्तात्मक सोच है, जिसमें महिलाओं को कमतर आंका जाता है और उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है।



शिक्षित और आर्थिक रूप से सक्षम महिलाएं भी इससे बच नहीं पा रहीं। वे लगातार चिकित्सा पूर्वाग्रहों का सामना करती हैं। कई बार उनकी पीड़ा को 'भावनात्मक', 'हार्मोन संबंधी' या सामान्य कह कर टाल दिया जाता है। यही कारण है कि महिलाओं की सेहत का सवाल अब केवल चिकित्सा का विषय नहीं रहा, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता का सवाल भी बन चुका है।

संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि स्वास्थ्य व्यवस्था की अनेक संरचनाएं महिलाओं को केंद्र में रख कर नहीं बनाई गईं। इसे केवल अस्पतालों की कमी कह कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, बल्कि यह उस सोच का परिणाम है जिसमें पुरुष शरीर को 'सामान्य' और महिला शरीर को 'विशेष परिस्थिति' मान लिया जाता है। दुनिया भर में हृदय रोग महिलाओं की मौत की सबसे बड़ी वजहों में शामिल है, लेकिन दिल के दौरे के जिन 'सामान्य' लक्षणों को चिकित्सा जगत लंबे समय से पहचानता रहा है, वे अधिकतर पुरुषों के अनुभवों पर आधारित रहे हैं। महिलाओं में दिल की बीमारी के संकेत कई बार अलग रूप में सामने आते हैं। अत्यधिक थकान, मितली, सांस फूलना, पीठ या जबड़े में दर्द जैसे लक्षणों को अक्सर गंभीरता से नहीं लिया जाता।

यही वजह है कि महिलाओं में हृदय रोग का पता अक्सर देर से चलता है। दिल का दौरा पड़ने के बाद महिलाओं में मृत्यु का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक देखा जाता है। कई मामलों में उनकी शिकायतों को सामान्य मान कर अस्पताल से वापस भेज दिया जाता है, जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है।

**खेत बचाओ अभियान:**

## भाषणों से नहीं नीतियां स्पष्ट करने से सुधरेगी हालत: मस्ताल

- **25 मई से शुरू होना था मूंग का पंजीयन**
- **एक सप्ताह बीतने के बाद भी किसान खाली हाथ केंद्रीय मंत्रियों की बयानबाजी पर उठाए सवाल**

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** प्रदेश सचिव विक्रम मस्ताल शर्मा ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खेत बचाओ अभियान पर किसानों के साथ किया जा रहे संवाद पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि आखिर किसानों के खेत किससे बचाने की आवश्यकता पड़ रही है? यदि वास्तव में खेत बचाने की चिंता है तो सबसे पहले उन किसानों को न्याय दिलाया जाए जिनकी पुश्तैनी जमीनें विभिन्न परियोजनाओं और भूमि अधिग्रहण के नाम पर औने-पौने दामों में ले ली गईं और आज भी वह उचित मुआवजे के लिए भटक रहे हैं। शर्मा ने सीधे शब्दों में कहा कि खेत बचाने हैं तो भूमि माफियाओं, नकली खाद-बीज बेचने वाली कंपनियों और बिचौलियों से बचाइए। जो किसानों की मेहनत पर डाका डाल रहे हैं। शर्मा ने मूंग की फसल का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने दावों के साथ मूंग फसल के उपार्जन पंजीयन के लिए 25 मई की तारीख निर्धारित की थी। आज एक सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन धरातल पर पंजीयन की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है। किसान अपनी उपज लेकर तैयार है लेकिन सरकार सही समय पर फसल खरीदने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ किसान परेशान हैं तो दूसरी तरफ दिल्ली और भोपाल में बैठे केंद्रीय व राज्य के मंत्री केवल भाषणों के दम पर किसानों को एक बार फिर बरगलाने का काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया और घोषणाओं से आगे बढ़कर सरकार को जमीन पर परिणाम देने होंगे।



**कृषि मंत्री के क्षेत्र में ही किसान बेहाल, गेहूं उपार्जन में काटीं तंगियां-** विक्रम मस्ताल ने तंज कसते हुए कहा कि जिस क्षेत्र का नेतृत्व आज स्वयं देश के कृषि मंत्री कर रहे हैं उसी क्षेत्र में किसानों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हाल ही में गेहूं उपार्जन के दौरान हजारों किसानों को तौल न होने, स्लॉट बुकिंग, सर्वर डाउन और पंजीयन संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ा था। अब वही अनिश्चितता मूंग की फसल को लेकर बनी हुई है। किसानों को यह नहीं पता कि मूंग उपार्जन की स्पष्ट नीति क्या है? स्लॉट बुकिंग कब से शुरू होगी? प्रति एकड़ कितनी मात्रा में खरीदी की जाएगी? क्या समर्थन मूल्य पर पूरी उपज खरीदी जाएगी या नहीं? कांग्रेस नेता ने कहा कि खरीफ सीजन सिर पर है लेकिन खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित है। सोसायटियों और केंद्रों पर टोकन की समस्या, लंबी कतारें और अनिश्चितता का माहौल है। किसान खेतों में काम करने के बजाय सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है। उन्होंने याद दिलाया कि कुछ समय पहले क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी समस्याओं को लेकर इच्छामृत्यु तक की मांग की गई थी।

**नारों और अभियानों से नहीं, सही दाम से मजबूत होगा किसान-** विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है। वह मजबूत होगा तभी देश मजबूत होगा। किसानों को खोखले नारों, भाषणों और राजनीतिक अभियानों से ज्यादा समय पर खाद-बीज, सिंचाई के लिए बिजली, पारदर्शी खरीदी व्यवस्था और न्यायपूर्ण मुआवजे की आवश्यकता है। सरकार को राजनीतिक रोटियां सेकने के बजाय तत्काल मूंग का पंजीयन शुरू कर किसानों की वास्तविक समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना चाहिए।

## पुलिस आपकी सच्ची दोस्त, बिल्कुल भी डरे नहीं: थाना प्रभारी

**अनोखा तीर, भैरुंदा।** तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा बच्चों को सुरक्षित माहौल देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक्करने के लिए एक पहल की गई है। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्रीमती उषा तिवारी के मार्गदर्शन में बुधवार को जागृति योजना 2025 के तहत सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग के सहयोग से नसरुल्लागंज, रेहटी और गोपालपुर के ग्रामीण क्षेत्रों व गरीब बस्तियों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एक्ट 2012 को लेकर सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बच्चों को कानून और आत्मरक्षा की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, बैड टच या अपराध की स्थिति में उन्हें चुप नहीं रहना है। यदि किसी बच्चे के साथ ऐसा कोई वाक्या होता है तो उन्हें तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या पुलिस को इस बारे में विस्तार से बताना चाहिए। थाना प्रभारी ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा पुलिस आपकी सच्ची दोस्त है। आपको पुलिस से बिल्कुल भी डरने की जरूरत नहीं है। हम हर वक्त आपकी सुरक्षा के लिए ही तैनात हैं। इसलिए किसी भी संकट में बेझिझक पुलिस की मदद लें।




### ग्रामीण अंचलों में पीएलवी ने संभाली कमान

अभियान को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए विधिक सेवा समिति के पैरालीगल वॉलेंटियर्स ने भी मोर्चा संभाला। इसी कड़ी में पीएलवी अजय मालवीय, मोहन प्रसाद विश्वकर्मा और आदित्य मालवीय ने ग्राम चांदाग्रहण का दौरा किया। वॉलेंटियर्स ने ग्रामीणों और बच्चों के बीच जाकर सीधे जनसंपर्क किया और उनके साथ संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और बच्चे मौजूद रहे। जिन्हें बाल अधिकारों के प्रति सजग रहने का संकल्प दिलाया गया।

## सार-समाचार

### अधिक मास में विट्ठल मंदिर बना आस्था का केंद्र

**अनोखा तीर, खंडवा।** अधिक मास के पावन अवसर पर शहर का प्राचीन विट्ठल मंदिर इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना हुआ है। पूरे अधिक मास के दौरान मंदिर परिसर में प्रतिदिन विविध धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 5 :30 बजे से श्रद्धालुओं का मंदिर में आगमन शुरू हो जाता है। सुबह 6 :30 बजे आयोजित काकड़ा आरती में सैकड़ों भक्त शामिल होकर



भगवान विट्ठल की आराधना कर रहे हैं। आरती के दौरान गूंजते भक्ति गीत और जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो जाता है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि काकड़ा आरती के पश्चात विट्ठल मंदिर महिला भजन मंडल द्वारा नियमित रूप से भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। भक्ति रस से ओतप्रोत भजनों में भगवान विट्ठल, रुक्मिणी तथा संत परंपरा से जुड़े पदों का गायन किया जा रहा है, जिसे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर सुन रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिक मास के दौरान प्रतिदिन पंडित श्याम आष्टेकर परिवार द्वारा भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है तथा धार्मिक ग्रंथों का पोथी वाचन भी आयोजित किया जा रहा है। पोथी वाचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन के महत्व की जानकारी दी जा रही है। मंदिर समिति के अनुसार अधिक मास भर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। श्रद्धालुओं में इन आयोजनों को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। विट्ठल मंदिर में उमड़ रही आस्था शहर की धार्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बना रही है।

### राष्ट्रीय शूटिंगबॉल में खंडवा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**अनोखा तीर, खंडवा।** आंध्र प्रदेश के बापतला जिले में आयोजित 44वीं राष्ट्रीय शूटिंगबॉल चैंपियनशिप 2025-26 में खंडवा जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को पदक दिलाकर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। बालिका वर्ग ने कांस्य पदक और बालक वर्ग ने रजत पदक हासिल किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अंडर-17 एवं अंडर-19 बालिका वर्ग में सोनू डावर (कप्तान), सुनयना पचौरे (उपकप्तान) और प्राची मालाकार का चयन मध्यप्रदेश टीम में हुआ था। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मध्यप्रदेश बालिका टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। वहीं बालक वर्ग में तालिब खान (कप्तान), आकाश पाटिल, युवराज सिंह राजपूत, दुर्गेश दानी, अनस खान और विकास भार्गव ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास से मध्यप्रदेश टीम उपविजेता रही और रजत पदक अपने नाम किया। इस सफलता में श्रीमती हेमलता चटवानी और ममता तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही राजेंद्र नायडू, अमित जांगिड़ एवं तेजपाल महाजन ने भी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता से लौटने पर खेल प्रकोष्ठ द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर मंगल यादव, आशीष चटकले, दिनेश पालीवाल, सुनील जैन, मनीषा पाटिल, देवेंद्र वर्मा, पिंकी वानखेड़े, रूपसिंह कलेश, संतोष जैन, अक्षत जैन और प्रियांशी कनाडे सहित खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों की यह सफलता जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है।

### भोपाल में विधायक तनवे ने उठाए खंडवा विकास के अहम मुद्दे

**अनोखा तीर, खंडवा।** विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विधायक कंचन मुकेश तनवे ने भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मुलाकात कर ग्रामीण अधोसंरचना, खेल सुविधाओं और किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विधायक तनवे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात कर ग्राम कावेश्वर में 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। साथ ही उन ग्राम पंचायतों में नए पंचायत भवन स्वीकृत करने का अनुरोध किया, जहां अभी तक पंचायत भवन उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त सामुदायिक भवनों की आवश्यकता पर भी



उन्होंने जोर दिया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खेल मैदान विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बेहतर खेल सुविधाओं से क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विधायक तनवे ने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाते हुए आगामी रबी सीजन से पहले पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समय पर खाद मिलने से किसानों को राहत मिलेगी और कृषि कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगे। मुलाकात के दौरान विधायक ने दोनों मंत्रियों को दादाजी धूनीवाले महाराज की पावन नगरी खंडवा आने का आमंत्रण भी दिया तथा क्षेत्र की विकास संभावनाओं और जन अपेक्षाओं से अवगत कराया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंत्रियों ने क्षेत्र के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करने तथा ग्रामीण विकास, खेल अधोसंरचना और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। भोपाल में हुई इन महत्वपूर्ण मुलाकातों को खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### समाजसेवी शंभू सोमानी ने फुटकर व्यापारी संघ की समस्याएं जानी

**अनोखा तीर, सिराली।** ग्राम गहाल के हाट बाजार में व्यापारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला हरदा फुटकर व्यापारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक अग्रवाल मंगल भवन, सिराली में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी शंभू सोमानी विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से



सुनते हुए उनके समाधान के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छोटे एवं फुटकर व्यापारी स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। बैठक में गहाल हाट बाजार में व्यापार करने वाले फुटकर व्यापारियों ने बाजार की व्यवस्थाओं, मूलभूत सुविधाओं की कमी, सफाई व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य आवश्यक समस्याओं को विस्तार से रखा। इस दौरान व्यापारियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। जिला हरदा फुटकर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघ लगातार प्रयासरत है।

# बड़वाह कस्बा पंचायत के कचरा संग्रहण वाहन में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

- **डेढ़ माह से वाहन मरम्मत राशि का अभाव, जिम्मेदारों ने कचरे के स्थान पर खड़ा कर दिया था वाहन**
- **सात सालों से बिना नंबर और बिना दस्तावेजों के पंचायत क्षेत्रों में दौड़ रहा था कचरा संग्रहण वाहन**







**अनोखा तीर, बड़वाह।**

सुर्खियों में रहने वाली बड़वाह कस्बा पंचायत में भ्रष्टाचार के लिए तो वैसे पर्याप्त राशि रहती है, जिस राशि का महिला सरपंच के पति और उनके अधीन कर्मचारी अपनी मनमर्जी अनुसार उपयोग कर लेते हैं। लेकिन जब बात आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देने की आती है, तो पंचायत में राशि का अभाव नजर आता है। साथ ही किसी अन्य मद से राशि लेकर आवश्यक कार्यों में खर्च करने के लिए जिम्मेदार असमर्थ नजर आते हैं।

जी हां, ऐसा ही एक मामला कस्बा पंचायत में उस समय उजागर हुआ, जब पंचायत में विधायक सचिन बिरला द्वारा दिए गए कचरा वाहन में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। इतना ही नहीं, वाहन की इस दुर्दशा का कारण उसके मरम्मत कार्य के लिए करीब डेढ़ माह से राशि का अभाव बताया जा रहा है। हालांकि इस वाहन से पंचायत के अधीन करीब चार से पांच कॉलोनियों के रहवासियों के घरों से प्रतिदिन कचरा संग्रहण किया जाता था, लेकिन आज पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही से रहवासी फिर खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हो रहे हैं।

जबकि नगर पालिका परिषद इन दिनों स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से साफ-सफाई करवा रही है। वहीं बड़वाह कस्बा पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के नाम पर गंदगी का अंबार इस अभियान की पोल खोल रहा है।

**पंचायत के पास वाहन के आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं-** कस्बा पंचायत का बीमारू कचरा संग्रहण वाहन आज खुद कचरे के ढेर में खड़ा नजर आया। लेकिन आश्चर्य तो तब हुआ, जब वाहन चालक से वाहन के दस्तावेजों के बारे में जानकारी चाही गई, तो उन्होंने वाहन के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने से साफ इंकार कर दिया।

जबकि इन दस्तावेजों के संबंध में सरपंच प्रतिनिधि राजेश पाटीदार ने कहा कि इस वाहन को करीब 7 साल हो चुके हैं। जब हमने पंचायत का चार्ज लिया था, तब हमें केवल दस्तावेजों पर वाहन सुपुर्द किया गया था और आज तक वाहन के कोई दस्तावेज हमें नहीं दिए गए। गौरतलब है कि कस्बा पंचायत में विगत सात वर्षों से कचरा वाहन बिना दस्तावेजों और बिना नंबर प्लेट के पंचायत क्षेत्रों में दौड़ रहा था। यदि इस बीच किसी भी व्यक्ति के साथ कोई बड़ा हादसा होता, तो कौन जिम्मेदार होता? यह सवाल वरिष्ठ अधिकारियों के लिए बेहद विचारणीय है।

लेकिन जब वाहन मरम्मत की जानकारी सरपंच प्रतिनिधि पाटीदार से चाही गई, तो उन्होंने कहा कि विगत डेढ़ माह से कचरा वाहन की बॉडी सड़ने के कारण उसे खड़ा कर दिया गया था। ऐसा इसलिए क्योंकि पंचायत के पास पर्याप्त राशि नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा जनपद पंचायत सीईओ मुकेश जैन से वाहन सुधारने के लिए राशि की मांग की गई थी। तब हमने उन्हें 15वें वित्त आयोग अथवा अन्य मद से राशि लेकर वाहन की बॉडी बनवाने का प्रस्ताव दिया था, किंतु सीईओ ने अन्य मद से राशि लेने से साफ इंकार कर दिया। इसके कारण वाहन को पंचायत क्षेत्र में एक स्थान पर खड़ा कर दिया गया था।

इसके बाद मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने वाहन में आग लगा दी। हालांकि हमने बड़वाह थाने में अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन में आग लगाने के संबंध में जांच हेतु आवेदन दिया है।

**सीईओ बोले, जलकर राशि से करवाएं वाहन का मरम्मत कार्य-** इस मामले में जब जनपद पंचायत बड़वाह के सीईओ मुकेश जैन से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने बताया कि कस्बा पंचायत में चलने वाले कचरा वाहन की मरम्मत के लिए हमसे राशि की मांग की गई थी। तब हमने पंचायत के जलकर अथवा अन्य करों से प्राप्त राशि के माध्यम से वाहन सुधारने की बात कही थी, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों ने यह कार्य नहीं करवाया और वाहन को खड़ा कर दिया।

उल्लेखनीय है कि जलकर राशि से वाहन सुधारने की बात पर सरपंच प्रतिनिधि पाटीदार ने कहा कि हमारी पंचायत में जलकर से करीब 1 लाख 80 हजार रुपए की वसूली होती है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन में खर्च हो जाती है। इसके अलावा वाहन मरम्मत के लिए शासन द्वारा पंचायत को अलग से कोई राशि नहीं दी जाती।

उल्लेखनीय है कि जब इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी के लिए पंचायत के जिम्मेदार सचिव राजाराम यादव से दूरभाष पर चर्चा करना चाही गई, तो उन्होंने प्रतिनिधि का मोबाइल उठाना भी उचित नहीं समझा। इससे यह प्रतीत होता है कि पंचायत की जिम्मेदारियों को लेकर सचिव कितने सजग हैं। हालांकि पंचायत में सचिव कितनी जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, यह बात तो उनके नाम से भी जानी जा सकती है, क्योंकि उनका नाम ही राजा से शुरू होकर राम पर समाप्त होता है।

खैर, अब देखने वाली बात यह होगी कि जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी कितने दिनों में इस वाहन को नया रूप देकर पंचायत के रहवासियों के घरों से पुनः कचरा संग्रहण का कार्य शुरू करते हैं या फिर वाहन के अभाव में रहवासियों को एक बार फिर गंदगी भरे माहौल में रहने को मजबूर होना पड़ेगा।

## खंडवा संसदीय क्षेत्र को 13.74 करोड़ की सड़क सौगात

**अनोखा तीर, खंडवा।** खंडवा संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण अंतर्गत चार नई ग्रामीण



सड़कों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की है। वर्ष 2025-26 में बलड़ी विकासखंड में 13 करोड़ 73 लाख 64 हजार रुपए की लागत से 14.44 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को पत्र भेजकर स्वीकृति की जानकारी दी है। स्वीकृत कार्यों में बारमलय से कुकधल तक 7.64 किलोमीटर सड़क का निर्माण 7 करोड़ 18 लाख 35 हजार रुपए, लहाड़पुर से परवाड़ी तक 2.24 किलोमीटर सड़क का निर्माण 2 करोड़ 6 लाख 53 हजार रुपए, मालुद मार्ग से खेड़ी रैयत तक 1.36 किलोमीटर सड़क का निर्माण 1 करोड़ 35 लाख 50 हजार रुपए तथा बारमलय से शुक्लातलाई तक 3.20 किलोमीटर सड़क का निर्माण 3 करोड़ 13 लाख 26 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी तथा किसानों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण से दूरस्थ गांवों की संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में होगा भव्य सुंदरकांड एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

**● इंदौर और सूरजगढ़ से पहुंचेंगे प्रसिद्ध भजन गायक ● तैयारियों को लेकर बैठक आज**

**अनोखा तीर, खरगोन।** ग्रीन गोल्ड कॉलोनी स्थित श्री बांके बिहारी जी मंदिर में आगामी 6 एवं 7 जून को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति एवं श्याम भक्तों द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक महोत्सव में सुंदरकांड पाठ तथा श्री खाटू श्याम प्रभु का भव्य संकीर्तन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जून, शनिवार को श्री हनुमानजी की कृपा प्राप्ति हेतु संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 7 जून, रविवार को भक्तों के आराध्य बाबा श्याम का विशाल संकीर्तन आयोजित होगा, जिसका आयोजन श्याम दादू बड़ोले एवं परिवार तथा श्री बांके बिहारी जी मंदिर समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है।

**प्रसिद्ध भजन गायक देंगे भक्ति की प्रस्तुति-** संकीर्तन में बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करने के लिए रवि शर्मा (इंदौर) एवं संजय भैया सेन (सूरजगढ़) विशेष रूप से पधार रहे हैं। दोनों भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु



बाबा श्याम के रंग में रंगे नजर आएंगे।

**श्याम सेवक परिवार का रहेगा विशेष सहयोग-** आयोजन को सफल एवं भव्य बनाने में श्री खाटू श्याम सेवक परिवार संघ (रजि.) खरगोन का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजन समिति द्वारा नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त श्याम प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

### व्यवस्थाओं को लेकर आज होगी बैठक

आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु आज 4 जून, गुरुवार रात्रि 9 बजे मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक श्री बांके बिहारी जी मंदिर, पानी की टंकी के पास, ग्रीन गोल्ड कॉलोनी, शुभिषि हॉस्पिटल के सामने, खरगोन में आयोजित होगी। मंदिर समिति ने मंडल के समस्त सदस्यों, श्याम भक्तों एवं सहयोगियों से समय पर उपस्थित होकर आयोजन की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं संबंधी चर्चा में सहभागिता करने का अनुरोध किया है।

## महादेवगढ़ में 5 जून को 'नर्मदा चिंतन एवं मानव अधिकार' पर संगोष्ठी

अनोखा तीर, खंडवा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को खंडवा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महादेवगढ़ में 'नर्मदा चिंतन एवं मानव अधिकार' विषय पर विशेष वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। नर्मदा मिशन के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, मानव अधिकार, वैश्विक चुनौतियों तथा भारतीय सनातन संस्कृति के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे मानव अधिकारों एवं वर्तमान सामाजिक-वैश्विक परिदृश्य पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरमीत सिंह उबेजा करेंगे। संगोष्ठी में डॉ. शिवशंकर गुर्जर, सुनील बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मोहन दीवान, गोवर्धन गोलानी, अतुल अग्रवाल, गोविंद शर्मा, शारदा शर्मा, सृष्टि दुबे तथा इंजीनियर अखिलेश गुप्ता सहित विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। महादेवगढ़ के संरक्षक अशोक पालीवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण और संवाद को बढ़ावा देना है। इस दौरान नर्मदा संरक्षण, पर्यावरणीय चुनौतियों तथा सांस्कृतिक मूल्यों पर विशेष मंथन किया जाएगा।

## सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना परिसर में भव्य साइकिल रैली आयोजित

**अनोखा तीर, भोपाल।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 एवं विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भोपाल रेल मंडल में पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में निशातपुरा स्थित सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना परिसर में भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य कर्मचारियों एवं आमजन के बीच पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा साइकिल उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रैली का शुभारंभ कारखाना परिसर से किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों, अनुभागों, शाखाओं एवं प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली प्रशासनिक भवन परिसर से तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान तक निकाली गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में सहायक कार्मिक अधिकारी एम.एल. मीणा ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल बी. कोहाड़े ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह एवं सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज सिंह, सहायक कार्य प्रबंधक प्रशांत नर्सिंगपुरकर, सहायक कारखाना लेखा अधिकारी शंभुशरण प्रसाद सहित विभिन्न अनुभागों एवं शाखाओं के पर्यवेक्षक तथा कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य कारखाना प्रबंधक ने रैली के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति निरंतर योगदान की कामना की।

## हंडियाखेड़ा अग्निकांड के पीड़ितों से मिले सांसद, हरसंभव सहायता का दिया भरोसा

**अनोखा तीर, खंडवा।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हंडियाखेड़ा में शॉर्ट सर्किट से हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया मोरै ने एसडीएम सिंगई तथा अन्य अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावितों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। समाजसेवी एवं प्रवक्ता सुनील जैन ने



बताया कि इस हादसे में करीब 20 परिवार प्रभावित हुए हैं, जबकि कई मकान, दुकानें और घरेलू सामान आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुनते हुए उन्हें राहत सामग्री भी वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है।

**मुख्यमंत्री को कराया था अवगत-** प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया मोरै ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर हंडियाखेड़ा अग्निकांड की जानकारी दी थी। मुख्यमंत्री ने घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक छाया मोरै सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## सार-समाचार

### एसडीएम सोहागपुर ने गिरदावरी एवं लघु सिंचाई गणना कार्यों का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सोहागपुर अनुभाग अंतर्गत प्रगतिरत गिरदावरी एवं लघु सिंचाई गणना कार्यों का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सोहागपुर द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन का जायजा लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी सुश्री प्रियंका भलावी ने मौके पर गिरदावरी



कार्य का अवलोकन किया तथा स्वयं एमआई सेंसस ऐप का उपयोग कर लघु सिंचाई गणना के लिए जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया का परीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यों में शुद्धता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पटवारियों को आगामी दो दिवस में शत-प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही लघु सिंचाई गणना कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रंजीत चौहान सहित संबंधित राजस्व अमला उपस्थित रहा।

### विश्व साइकिल दिवस पर साइकिलिस्ट सौरभ दुबे का हुआ सम्मान



**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर की उड़ान श्री वेलफेयर सोसायटी द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर इटारसी के साइकिलिस्ट सौरभ दुबे को पुष्प मालाओं द्वारा स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। संस्था के सचिव आशीष भदौरिया ने बताया कि साइकिलिस्ट सौरभ दुबे पिछले 56 सप्ताह से साइकिल चलाकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। उन्होंने साइकिल के माध्यम से सबके सामने फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की है। इसलिए उड़ान श्री संस्था द्वारा सौरभ दुबे को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती जागृति भदौरिया, सचिव आशीष भदौरिया, संदीप मालवीय, खेमचंद रजक, श्रीमती रानी रजक,




श्रीमती संगीता मालवीय, बृजमोहन सिंह सोलंकी, बालकृष्ण मालवीय, हनीफ खान सहित अनेक संस्था के सदस्य एवं युवा मौजूद थे। इस अवसर पर साइकिलिस्ट सौरभ दुबे ने साइकिलिंग से जुड़े अपने अनुभव बताते हुए कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्यों को फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का मंत्र साझा किया।

### मंडी बानापुरा डीएमओ गोदाम का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, ई-टोकन व्यवस्था सुधारी

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** किसानों को खाद वितरण में गर्मी के चलते होने वाली परेशानी को देखते हुए बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय ने तहसील के मंडी बानापुरा स्थित डीएमओ गोदाम का औचक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार की ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण हो रहा है। व्यवस्था को सुचारू रखने और किसानों को धूप-गर्मी से बचाने एसडीम विजय राय ने खुद गोदाम पहुंचे। निरीक्षण के दौरान टोकन वितरण की गति में तकनीकी दिक्कतें सामने आईं। एसडीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर और टेक्निकल स्टाफ को मौके पर ही खामियां दूर करने के निर्देश दिए। किसानों से सीधे संवाद कर एसडीएम राय ने उनकी समस्याएं सुनीं। खाद वितरण तेज करने के लिए काउंटर की संख्या 2 से बढ़ाकर 3 कराई गई। साथ ही स्टाफ भी जरूरत के हिसाब से बढ़ाने को कहा गया। गोदाम परिसर में किसानों के लिए पेयजल और छायादार बैठने की व्यवस्था पुख्ता कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने साफ किया कि क्षेत्र के किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। सुचारू वितरण के लिए राजस्व और कृषि विभाग की टीमें लगातार मैदानी निगरानी कर रही हैं। समितियों के माध्यम से भी वितरण जारी है।

**विश्व पर्यावरण दिवस....**

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग व महाविद्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अनोखा तीर, माखन नगर।** स्थानीय श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2026 को पर्यावरण सुरक्षा व बचाव पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक कुमार खंडेल डायरेक्टर भूमि फार टेक्नोलॉजी वेंचर्स फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट भोपाल एवं डॉ. संजेश मीणा पूर्व दंत शल्य चिकित्सक एवं जिला नर्मदापुरम महाविद्यालय कार्य प्रमुख माखन नगर होंगे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के मार्गदर्शन में उपरोक्त कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आकांक्षा यादव ने आगे बताया कि पर्यावरण बचाओ आधारित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सिर्फ पेड़ लगाना नहीं बल्कि समाज में एक गहरे बदलाव की शुरुआत करना, ऐसे ही अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्यों को लेकर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें माखन नगर सहित आसपास के समस्त नागरिकों से उपस्थिति के लिए निवेदन किया है। उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. राजकुमार पटवा द्वारा दी गई एवं निवेदन किया कि हम सभी पर्यावरण बचाओ अभियान में अपनी अपनी सहभागिता व सक्रियता सुनिश्चित करें और 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला में उपस्थित हों।

# सूरजपुर-सिवनी मालवा मार्ग समेत 7 ग्रामीण सड़कों का होगा निर्माण

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

बरसात से पहले किसानों की मांग पर प्रशासन हरकत में आया और जर्जर ग्रामीण सड़कों का निर्माण-पुनर्निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। कलेक्टर नर्मदापुरम एवं एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कुछ समय पहले किसानों और किसान संगठनों ने खराब सड़कों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में बताया गया था कि सड़कें टूट-फूट जाने से फसल परिवहन, कृषि कार्य और विद्यार्थियों के स्कूल-कॉलेज आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही थी। बरसात में हालात और बिगड़ने का अंदेशा भी जताया गया था। प्रशासन ने ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए



निर्माण कार्य शुरू कराया। जिसमें पिपलियाकलां-खाकरापुरा, बेगनिया-कांसखेड़ी, नंदरवाड़ा-खरख, बराखेड़ा-इकलानी, नंदरवाड़ा-नाहरकोलाकलां, झाड़बीड़ा-इकलानी सहित सूरजपुर से सिवनी मालवा मार्ग पर भी काम शुरू हो गया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सड़क सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी है। समय पर काम शुरू होने से हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा और बरसात की परेशानी कम होगी। किसान संगठनों ने इसे किसानों की एकता और सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। सभी ने कलेक्टर और एसडीएम का हृदय से आभार जताते हुए शेष लंबित सड़कों का काम भी जल्द पूरा कराने की उम्मीद जताई है।

**एकल उपयोग प्लास्टिक निषेध पर हुई चर्चा**

## स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत हुई बैठक



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में ग्रामीणजनों एवं बाजार के व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक और चर्चा का की गई। यह अभियान 01 से 05 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे को कम करने की आदतें अपनाने तथा एकल उपयोग प्लास्टिक (सिंगल यूज प्लास्टिक) पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। ग्रामीणों एवं व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें पर्यावरण हितैषी व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में जनपद से ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन स्वदेश प्रजापति, सरपंच चेतन मीना, उपसरपंच धर्मेंद्र सिंह पटेल, सचिव नगेंद्र सराठे, अजय सिंह राजपूत, दुकानदार, व्यापारी एवं पंचायत के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए 4 जून को लगेगा जनसेवा शिविर

**एक ही जगह होंगी 8 सेवाएं, मौके पर ही होगा समस्याओं का निराकरण**




**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर के वार्ड क्रं 6 के उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष संपर्क अभियान के तहत जन सेवा समस्या शिविर आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर गुरुवार 04 जून को प्रातः 10.30 बजे से मांगलिक भवन नाला मोहल्ला में लगाया जाएगा। कंपनी अधिकारी सहायक यंत्री खालिद आजम, कनिष्ठ यंत्री देवेंद्र पटेल के अनुसार शिविर में उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे समस्या का समाधान होगा। इनमें बिजली बिल भुगतान नकद/ऑनलाइन, बिल सुधार, नए कनेक्शन आवेदन, लोड वृद्धि, नाम परिवर्तन, आधार-मोबाइल नंबर अपडेट शामिल हैं। साथी बताया गया कि इसके अलावा खराब मीटर, केबल ट्रांसफार्मर जैसी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। अधिकारियों ने वार्ड 6 के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक संख्या में नागरिक शिविर में पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठाएं।

## श्योपुर में आंधी-बारिश, पेड़ गिरने से 3 दबे, एक मौत

**मैहर में बूंदाबांदी, इंदौर-उज्जैन समेत 36 जिलों में अलर्ट; 60 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं**

**भोपाल (नप्र)।** मध्य प्रदेश में ओले, बारिश और तेज आंधी के चलते हीटवेव (लू) का असर पूरी तरह खत्म हो गया है। बुधवार को श्योपुर में तेज आंधी और बारिश के बीच बस स्टैंड में 3 बाइक सवारों पर पेड़ गिर गया। दबने से एक की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं। बारिश के कारण कॉलोनियों की सड़कें जलमग्न हो गई हैं। वहीं मैहर में दोपहर के समय तेज आंधी के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने नीमच, मंदसौर और आगर-मालवा जिलों में 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है। मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश में ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। बुधवार को इंदौर और उज्जैन संभाग सहित प्रदेश के 36 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## कृषकगण सहकारी समितियों से ले सकेंगे खाद, ई-टोकन व्यवस्था लागू

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम/माखन नगर।**

विकासखंड माखन नगर के किसानों को सुचारू और बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है। क्षेत्र के किसान अब अपने नजदीकी किसान सेवा सहकारी समिति के माध्यम से आसानी से खाद प्राप्त कर सकते हैं। समितियों में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और किसानों की सुविधा के लिए इस बार ई-टोकन व्यवस्था लागू की गई है। किसान भाई ई-टोकन जनरेट कराकर अपनी बारी के अनुसार खाद प्राप्त कर सकते हैं।

**ई-टोकन की 24 घंटे वैधता :** वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए जारी किए गए ई-टोकन की वैधता केवल 24 घंटे की होगी। किसानों को टोकन जारी होने के 24 घंटे के भीतर अपनी समिति से खाद उठाना अनिवार्य होगा।

**सदस्यता लेकर उठाएं लाभ :** जो किसान भाई अभी तक सहकारी समितियों के सदस्य नहीं हैं, वे समिति की सदस्यता लेकर इस सुगम वितरण प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं और खाद प्राप्त कर सकते हैं।

**वैज्ञानिक दृष्टि से मिलेगा खाद :** खाद का वितरण पूरी तरह से वैज्ञानिक मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। किसान की भूमि और निर्धारित फसल की आवश्यकता के हिसाब से ही खाद की मात्रा तय की जाएगी, ताकि अनावश्यक भंडारण को रोका जा सके और सभी को जरूरत के मुताबिक खाद मिले।

**वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी चालू :** सहकारी समितियों के अलावा, किसान भाई अपनी सुविधा के अनुसार निजी उर्वरक विक्रेताओं (प्राइवेट डीलर्स) और शासकीय डबललॉक केंद्रों से भी निर्धारित दरों पर खाद खरीद सकते हैं।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चार दिवसीय समर कैंप आयोजित

**बाल संस्कार परिवर्तन कैंप में बच्चों को सिखाए एकाग्रता और आध्यात्म के गुर**

**अनोखा तीर, बुदनी।** स्थानीय गुरुआ बाबा कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित चार दिवसीय बाल संस्कार परिवर्तन समर कैंप का भव्य समापन हुआ। इस शिविर में क्षेत्र के अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी एवं निरंजना दीदी द्वारा बच्चों को मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया गया। दीदियों ने बच्चों को खेल-खेल में एकाग्रता बढ़ाने, विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों, अच्छे संस्कारों को अपनाने, जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा आध्यात्मिकता के प्रति जागरूक रहने के व्यावहारिक




गुर सिखाए गए। समर कैंप के समापन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रवक्ता धीरेन्द्र तिवारी, वार्ड क्रं 12 की पार्षद रजनी आजाद एवं सेंट पॉल्स स्कूल के प्राचार्य इफ्तेखार खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चों को मोबाइल से दूर कर उनमें नैतिक संस्कार, एकाग्रता और आध्यात्म के प्रति रुचि जगाना बेहद सराहनीय कदम है। ऐसे शिविरों से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। कार्यक्रम के अंत में शिविर में शामिल हुए बच्चों को उनकी उत्कृष्ट सहभागिता के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्रीन वॉकाथॉन 5 जून को

**अनोखा तीर, बुधनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को ट्राइडेंट ग्रुप एवं नगर परिषद बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में 5 किमी ट्राइडेंट ग्रीन वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6 बजे दशहरा मैदान से प्रारंभ होगा। वॉकाथॉन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। आयोजन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गई है तथा पहले 200 प्रतिभागियों को विशेष टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। आयोजकों ने नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## लंबित राजस्व प्रकरण समय-सीमा में निपटाएं : एसडीएम



**अनोखा तीर, सिवनी-मालवा।** अनुविभागीय अधिकारी विजय राय ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सख्ती बरतते हुए सभी लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निपटाने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय जनपद पंचायत सभागार में हुई समीक्षा बैठक में तहसील के सभी राजस्व निरीक्षक, पटवारी, प्रवाचक और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हुए। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, अभिलेख दुरुस्ती, शासकीय भूमि से अतिक्रमण, स्वामित्व योजना, फार्मर आईडी, फसल गिरदावरी और जनगणना जैसे विषयों की प्रगति पर चर्चा हुई। एसडीम विजय राय ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, राजस्व रिकॉर्ड को अपडेट रखने और त्रुटियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना व फार्मर आईडी का काम निर्धारित समय में पूरा करने पर जोर दिया गया। एसडीम ने अधिकारियों-कर्मचारियों से क्षेत्र भ्रमण बढ़ाकर जनहित के मामलों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से निपटाने को कहा। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन की पारदर्शिता और कार्यकुशलता ही जनता के विश्वास का आधार है।

# अवैध उत्खनन पर प्रशासन की कार्यवाही, मिट्टी परिवहन करते डंपर को किया जप्त

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खापरखेड़ा रोड पिपरिया क्षेत्र में राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक डंपर क्रं आरजे 19 जीजी 3788 को मिट्टी का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। उक्त डंपर को जप्त कर स्टेशन रोड थाना पिपरिया में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।





**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक 822/रा.न.पा./2026 — सिवनी मालवा दिनांक 27/05/2026

**म.प्र.नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम-2016 के नियमों के अंतर्गत ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा द्वारा नगर पालिका स्वामित्व की दुकानों की नीलामी की सूचना ऑफलाईन आमंत्रित की जाती है। म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम-2016 तथा संशोधन अधिसूचना क्रमांक 08-एफ-01-2016 अठारह-3 भोपाल दिनांक 04 मई 2021 व संशोधन अधिसूचना भोपाल दिनांक 28 मई 2023 के नियमों के अनुसार तालिका में वर्णित सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रथम लिफाफा (A) में अर्नेस्ट मनी (सुरक्षा निधि) एफडीआर/डीडी/नगद जमा की मूल रसीद के रूप में एवं आरक्षित वर्ग का होने पर संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण, मेडिकल बोर्ड का प्रमाणपत्र आधार कार्ड आदि एवं द्वितीय लिफाफा (B) में निविदा दर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। अर्नेस्ट मनी एवं संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड का प्रमाणपत्र आदि प्रथम लिफाफा (A) में सही-सही पाई जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा (B) खोला जावेगा। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम तथा जिस दुकान के लिये निविदा आकार प्रस्तुत किया जा रहा है, उसका स्पष्ट अक्षरों में उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। दुकान के आरक्षित मूल्य से अधिक राशि के प्रस्ताव / दर प्राप्त होने पर ही स्वीकृति उपरांत अंतरण की कार्यवाही की जावेगी। इस कार्य हेतु प्रत्येक दुकान हेतु पृथक-पृथक ऑफलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 01/06/2026 समय प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 01/07/2026 समय शाम 6.00 बजे तक राशि रुपये 2000/- नगर पालिका मुख्य कार्यालय की राजस्व शाखा में जमा कर क्रय किये जा सकते है, तथा प्रतिभूति निक्षेप (सुरक्षा निधि) की राशि पृथक पृथक दुकान हेतु 25000/- रुपये एफ.डी.आर./अमानत के रुप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका सिवनी मालवा के नाम से जमा की जायेगी।

| क्र. | दु.न. | शापिंग काम्पलेक्स का नाम | दुकान का साईज | आरक्षण वर्ग की स्थिति | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | माँ रेवा शापिंग काम्प. भूतल सि.मा. | 13.50 × 25 | अनारक्षित | 586500/- | 25000/- | 2000/- |
| 2 | 25 | माँ रेवा शापिंग काम्प. भूतल सि.मा. | 15.70 ×13.50 | अनारक्षित | 369750/- | 25000/- | 2000/- |
| 3 | 10 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 14.50 × 10 | अनारक्षित | 454750/- | 25000/- | 2000/- |
| 4 | 11 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10 × 14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 5 | 12 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10 × 14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 6 | 13 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10×14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 7 | 14 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10×14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 8 | 17 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10×14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 9 | 18 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10×14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 10 | 19 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 10×14.90 | अनारक्षित | 259250/- | 25000/- | 2000/- |
| 11 | 20 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 15×25 | अनारक्षित | 650250/- | 25000/- | 2000/- |
| 12 | 21 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 14×25 | अनारक्षित | 607750/- | 25000/- | 2000/- |
| 13 | 22 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 13×25 | अनारक्षित | 565250/- | 25000/- | 2000/- |
| 14 | 23 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 13×24.60 | अनारक्षित | 565250/- | 25000/- | 2000/- |
| 15 | 24 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 18.65×24.60 | अनारक्षित | 828750/- | 25000/- | 2000/- |
| 16 | 25 | माँ रेवा शापिंग काम्प. प्रथम तल सि.म | 18.65×24.60 | अनारक्षित | 828750/- | 25000/- | 2000/- |
| 17 | 13 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 09×09.08 | अनारक्षित | 162162/- | 25000/- | 2000/- |
| 18 | 14 | वीर सावरकर शापिंग काम्प. सि.मा. | 14.07×09.10 | अनारक्षित | 266938/- | 25000/- | 2000/- |
| 19 | 26 | खेड़ापति शापिंग काम्प. बानापुरा | 130 वर्गफुट | अनारक्षित | 277000/- | 25000/- | 2000/- |
| 20 | 08 | सोनिया गांधी शापिंग काम्प. प्रथम तल सिवनी मालवा | 20.02×11.11 | अनारक्षित | 3,99,000/- | 25000/- | 2000/- |
| 21 | 06 | हनुमान मंदिर शा. काम्प. हरदा नाका | 2.50×02.55 | अनारक्षित | 100000/- | 10000/- | 2000/- |
| 22 | 12 | जनभागीदारी शा. काम्प. बानापुरा | 2.50×02.55 | अनारक्षित | 30000/- | 5000/- | 2000/- |


नोट :- दुकान आवंटन हेतु विस्तृत विवरण/नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर नगर पालिका की राजस्व शाखा में देखी जा सकती है। तथा विभाग की वेबसाईट www.mpurban.gov.in पर देखी जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र क्रय करने प्रारंभ दिनांक | :- | 01/06/2026 (प्रातः 11:00 बजे से) |
| 02 | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक | :- | 01/07/2026 (शाम 06:00 बजे तक) |
| 03 | निविदा की हार्डकापी जमा करने की अंतिम दिनांक | :- | 02/07/2026 (शाम 06:00 बजे तक) |
| 04 | लिफाफा 'ए' खोलने की दिनांक | :- | 06/07/2026 (प्रातः 11:00 बजे से) |
| 05 | लिफाफा 'बी' खोलने की दिनांक | :- | 07/07/2026 (प्रातः 11:00 बजे से) |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सिवनी मालवा

## सार-समाचार

### डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव को ज्योतिष में पीएचडी की उपाधि



**अनोखा तीर, देवास।** नगर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव को, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा संस्कृत विभाग के अन्तर्गत ज्योतिष के विषय में शोध कार्य पूर्ण करने पर डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि से विभूषित किया गया है। उन्होंने अपना यह शोध-प्रबंध कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविंद गन्धे एवं सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश्वर शास्त्री मुसलगांवकर, के निर्देशन में पूर्ण किया। इस अवसर पर समाज के सभी प्रबुद्ध वर्गों एवं इष्ट मित्रों द्वारा उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### आरोह-2026 : ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**अनोखा तीर, चिचोली।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण आरोह-2026 का समापन बुधवार को तपश्री खेल मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। एक माह तक चले इस समर कैंप का आयोजन 1 मई से 31 मई तक किया गया, जिसमें 6 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को वॉलीबॉल, कबड्डी सहित विभिन्न खेल विधाओं का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा रितेश मालवीय, सीएमओ आरिफ हुसैन, पार्षद रोहित आर्य, क्लब अध्यक्ष विजय राठौर, सेम आर्य, शिक्षक सुनील सोनी, धीरेंद्र निगम, खेल प्रशिक्षक संजय यादव एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समन्वयक अनारकली तुमडाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ किसी एक खेल में रुचि विकसित कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। वहीं पार्षद रोहित आर्य ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला भी है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। क्रिकेट खिलाड़ी सेम आर्य ने तप श्री खेल मैदान की व्यवस्था को लेकर सवाल किए और उसे साफ- सफाई एवं स्वच्छ रखने की मांग की।

### टीकाकरण अभियान : पशुओं को लगाया टीका

**अनोखा तीर, बैतूल।** पशुपालन विभाग बैतूल के उप संचालक डॉ. सुरजीत सिंह और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम के डॉ. गुरुदत्त शर्मा ने 2 जून को टाइगर रिजर्व से लगे ग्रामीण क्षेत्र में टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान टाइगर रिजर्व से लगे सभी 9 ग्रामों में जारी रहेगा, जिसमें अभियान के पहले दिन लगभग 95 गो तथा भैस वंशीय पशुओं का टीकाकरण और 16 कुत्तों को कैनाइन डिस्टेंपर टीकाकरण किया गया। सभी पशुओं को एफएमडी, एक टांगिया रोग और गलघोटू रोग का टीका लगाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य है कि जंगली पशुओं से पालतू पशुओं तथा पालतू पशुओं से जंगली पशुओं में फैलने वाली संक्रामक बीमारियों को रोका जा सके। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जीव संरक्षण और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए पशुपालकों और ग्रामवासियों को प्रेरित करना भी है।



### यज्ञ करने से देवता गण प्रसन्न होते हैं : आचार्य सुखदेव




**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** ग्राम पथरई के नजदीक सतपुड़ा के जंगल में स्थित सुखा सिद्ध बाबा सिद्धेश्वरी धाम में चल रहे सत चंडी महायज्ञ के तृतीय दिवस में मां चंद्रघंटा का विशेष रूप से पूजन किया गया। वहीं यज्ञ आचार्य सुखदेव महाराज ने बताया कि यज्ञ करने से देवता गण होते हैं। जहां तक मंत्रों की ध्वनि पहुंचती है वहां का वातावरण शुद्ध हो जाता है, यज्ञ करने से मानव निरोग रहता है। अत : प्रत्येक मानव को प्रात : काल उठकर अपने-अपने घरों में यज्ञ जरूर करना चाहिए एवं होने वाले यज्ञ आयोजन में सभी को भाग लेना चाहिए। वहीं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का वाचन आचार्य पं. दिनेश उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ का आयोजन महंत नागा बालक दास महाराज अखिल भारतीय श्री पंच विष्णु स्वामी निर्मोही अखाड़ा के द्वारा किया जा रहा है।

# नोटिस मिलने से नाराज नर्स ने की हाथ काटने की कोशिश

**अनोखा तीर, देवास।** जिले के सोनकच्छ सिविल अस्पताल में एक बार फिर विवाद की स्थिति सामने आई है। यहां एक नर्सिंग अधिकारी ने खुद को कमरे में बंद कर सर्जिकल ब्लेड से अपना हाथ काटने का प्रयास किया। घटना सोमवार रात की है। इसका वीडियो बुधवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, स्थापना शाखा द्वारा कुछ कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस मिलने से नाराज एक नर्सिंग अधिकारी स्थापना कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों के सामने विरोध जताते हुए संबंधित पत्र फाड़ दिए। इसके बाद वह पास के एक कक्ष में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। अस्पताल कर्मचारियों के मुताबिक, नर्सिंग अधिकारी कमरे के भीतर सर्जिकल ब्लेड से अपना हाथ काटने का प्रयास कर रही थीं। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल स्टाफ मौके पर पहुंचा और उन्हें बाहर आने के लिए समझाने लगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, कर्मचारियों ने लगभग 20 सेकंड के भीतर दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और ब्लेड छीन लिया। इस दौरान उनके हाथ में चोट भी आई, जिसकी अस्पताल में ही ड्रेसिंग की गई। इस घटना के बाद अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए, सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बेक सोनकच्छ पहुंचीं और संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। बताया गया है कि मामले की जांच जारी है और संबंधित नर्सिंग अधिकारी का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वेतन संबंधी मामलों और नोटिस जारी करने को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ था, जिसके कारण यह विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। प्रशासन फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रहा है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की पहल से मिला स्थायी समाधान

# व्हाईट टॉपिंग सड़क बनी विकास की नई पहचान, अब कोठी बाजार में नहीं मचेगा कीचड़





**अनोखा तीर, बैतूल।** शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कोठी बाजार को अब वर्षों पुरानी सड़क समस्या से राहत मिल गई है। थाना चौक से चौपाटी तक निर्मित आधुनिक व्हाईट टॉपिंग सड़क न केवल शहर की तस्वीर बदल रही है, बल्कि बारिश के दिनों में कीचड़, गड्ढों और जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान बनकर सामने आई है। भाजपा नेता एवं एल्डरमैन राजू सोनकपुरिया ने बताया कि बैतूल विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 2 किलोमीटर लंबी व्हाईट टॉपिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 2 करोड़ 60 लाख 37 हजार रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोठी बाजार शहर की आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों नागरिक, व्यापारी और वाहन चालक आवागमन करते हैं। सड़क की जर्जर हालत के कारण बरसात में यहां बड़े-बड़े गड्ढे, जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती थी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता था। अब नई सड़क बनने से लोगों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यातायात का लाभ मिलेगा।

#### नई तकनीक की पहली सड़क

सोनकपुरिया ने कहा कि बैतूल लोक निर्माण विभाग ने नई तकनीक वाली व्हाईट टॉपिंग सड़क बनाई है। ये सड़क पारंपरिक सड़कों की तुलना में अधिक मजबूत, टिकाऊ और कम रखरखाव वाली होती हैं। इससे आने वाले वर्षों तक नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी तथा नगर की सुंदरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

#### महानगरों जैसा अनुभव

स्थानीय किराना व्यापारी फ़ईम खान का मानना है कि यह सड़क बैतूल के आधुनिक और सुनियोजित विकास की पहचान है। इससे व्यापार को भी गति मिलेगी और शहर को महानगरों जैसी आधुनिक सड़क सुविधा का अनुभव होगा।

#### इनका कहना है

हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से कोठी बाजार की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। यह सड़क बैतूल के विकास और आधुनिक सोच का प्रतीक है। इससे नागरिकों, व्यापारियों और यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

**राजू सोनकपुरिया,**
भाजपा नेता एवं एल्डरमैन।




### बैतूल बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 743 मरीजों का किया उपचार

**अनोखा तीर, बैतूल।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैतूल बाजार में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, जिपं उपाध्यक्ष हसंराज धुर्वे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती दूर्गावती वर्मा एवं उपाध्यक्ष नगर परिषद बैतूल बाजार सुरेश गायकवाड़ ने किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि जिले से डीएचओ डॉ. राजेश परिहार, आरएमओ डॉ. रानू वर्मा, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती वंदना धाकड़ दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. सुभांगी बसोड़, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषि माहोरे, चिकित्सक डॉ. श्रेया देवकते, डॉ. नीलम महाजन, डॉ. प्रियदर्शी चौकीकर, डॉ. रविंद्र जामरे के द्वारा शिविर में 310 पुरुष और 433 महिला कुल 743 मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. केदार सिहं जाटव ने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्ड, हेल्थ आईडी, सिकलसेल, टीबी एक्सरे ब्लड जांच, मलेरिया जांच भी की गई। शिविर में मुख्य अतिथि श्री पवार द्वारा बीपी की जांच कराई गई। शिविर में बैतूल बाजार के जितेन्द्र वर्मा, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, अभिषेक राठौर, पार्षद श्रीमती दिव्या वर्मा, पर्वत धोटे उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर व्यवस्था मेडीकल ऑफिसर डॉ. प्रकाश चंद्र तिवारी, डॉ. रत्नेश खाड़े के द्वारा की गई। शिविर में मंच संचालन प्रकाश माकोड़े एवं आभार डॉ. प्रकाश चंद्र तिवारी ने व्यक्त किया। शिविर में कार्य व्यवस्था कृष्णकुमार वर्मा, निलेश दंवडे, अनिल देशमुख एवं बलदेव बर्डे, प्रा. बीपीएम, देवांक वर्मा, प्रमोद दरवाई, शिवकिशोर परते द्वारा की गई।

### 26 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

**अनोखा तीर, देवास।** 26 वर्षीय युवक ने जवाहर नगर क्षेत्र में अपनी पत्नी की साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह जब उसकी पत्नी की नींद खुली तो उसने पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा। घटना के बाद परिजन युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अजय जाटव 26 वर्ष के रूप में हुई है। वह जवाहर नगर क्षेत्र में रहता था और मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था। परिजनों के अनुसार अजय पिछले तीन वर्षों से एक कंपनी में हेल्पर के तौर पर काम कर रहा था। उसका एक छोटा बेटा भी है। बुधवार सुबह पत्नी की नींद खुली तो अजय को फंदे पर लटका देख वह घबरा गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एमजी अस्पताल के वाटर कूलर में आ रहा करंट, शिकायत के बावजूद ठीक नहीं हुआ

**अनोखा तीर, देवास।** महात्मा जिला अस्पताल में गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल परिसर में लगे एक वाटर कूलर में पिछले लगभग एक सप्ताह से करंट आने की शिकायत मिल रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इससे मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों ने बताया कि पानी भरते समय वाटर कूलर के नल को छूने पर बिजली का झटका लगता है। इसी कारण लोग धातु के नल का उपयोग करने से बच रहे हैं और प्लास्टिक वाले नल से पानी भरने को मजबूरी में इस्तेमाल कर रहे हैं। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। परिजनों के अनुसार, अस्पताल प्रबंधन को इस संबंध में जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसे में रोजाना सैकड़ों मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है। जिला अस्पताल के प्रबंधक प्रमोद गुणवान ने शिकायत की पुष्टि करते हुए बताया कि वाटर कूलर में करंट आने की बात सही है। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए दो-तीन तकनीशियनों से संपर्क किया गया है, लेकिन अभी तक इसका निराकरण नहीं हो पाया है। एहतियात के तौर पर वाटर कूलर को बंद करवा दिया गया था, हालांकि कई बार लोग उसे फिर से चालू कर देते हैं।



# क्रिश्चियन समुदाय ने भी किया 'गो सम्मान आह्वान अभियान' का समर्थन



**अनोखा तीर, देवास।** समस्त साधु संतो और गो सेवक जीतू रघुवंशी द्वारा संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत देवास में सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। अभियान के अंतर्गत एबी रोड स्थित चर्च में आयोजित कार्यक्रम में क्रिश्चियन समुदाय के फादर एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गौ सम्मान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गोमाता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्र आराध्या का संवैधानिक सम्मान दिलाना, गौसेवा के लिए केंद्रीय कानून एवं केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि संरक्षण, चारा सुरक्षा नीति तथा गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देना शामिल है। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों का मिल रहा समर्थन सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का सकारात्मक संदेश दे रहा है।




# पंचायत भवन बना डिजिटल सेवा केंद्र, गांव में ही मिल रहीं ऑनलाइन सुविधाएं

**अनोखा तीर, बैतूल।** सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर और ग्राम पंचायत विभाग के संयुक्त प्रयासों से ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नाहिया में सीएससी वीएलई दुर्गेश पंडागरे द्वारा पंचायत भवन से ग्रामीणों को शासकीय एवं डिजिटल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। पंचायत भवन से संचालित सीएससी केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को आय, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, बैंकिंग सेवाएं, आधार संबंधी सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, बीमा सेवाएं, कृषि सेवाएं तथा ई-उपार्जन सहित अनेक सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। इसके अलावा टेली-लॉ सेवा के माध्यम से ग्रामीणों को वकीलों द्वारा निःशुल्क कानूनी सलाह भी दी जा रही है। सीएससी केंद्र के संचालन से ग्रामीणों को विभिन्न सेवाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। ग्रामीणों ने पंचायत भवन से संचालित सेवाओं की सराहना करते हुए इसे गांव के लिए उपयोगी पहल बताया है। सीएससी वीएलई श्री पंडागरे इन सेवाओं के माध्यम से स्वरोजगार प्राप्त कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने अपने गांव में ही रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीएससी एवं पंचायत विभाग की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ी है और नागरिकों को घर के नजदीक ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कलेक्टर से मिला दिव्य योग संस्थान का प्रतिनिधिमंडल

**अनोखा तीर, देवास।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भव्य रूप से मनाने के संबंध में दिव्य योग संस्थान के संस्थापक योग गुरु राजेश बैरागी के सानिध्य में संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा के दौरान कलेक्टर सिंह ने आयोजन के प्रति सहमति व्यक्त करते हुए बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग साधकों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में योग साधक अनिल राज सिंह सिकरवार, वरिष्ठ योग साधक अनूपसिंह जादौन, डॉ. लक्ष्मीनारायण मारु कुमावत, वरिष्ठ योग साधक अभिषेक जैन तथा वरिष्ठ योग साधक मुकेश कामदार शामिल रहे।

### ई-अटेंडेंस अनिवार्य, नहीं लगाने वाले शिक्षकों के वेतन आहरण पर रहेगी रोक

# साइकिल, गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का स्कूल प्रारंभ होने के एक सप्ताह में हो वितरण : कलेक्टर

पौधरोपण के साथ पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित करें : कलेक्टर

-पौधरोपण स्थलों पर फेंसिंग और रखरखाव के दिए निर्देश

फोटो नं - 06

अनोखा तीर, बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान, जनकल्याणकारी शिविर, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन तथा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 जून को जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाए। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका को स्पाट का चयन किए जाने के निर्देश दिए, जहां बायोडायवर्सिटी पार्क के रूप में डेवलप किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने वन विभाग, जन अभियान परिषद को स्थान चयन कर वृहद स्तर पर पौधरोपण की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने जन अभियान परिषद को भी निर्देशित किया कि दो पहाड़ियों का चयन किया जाए, जहां पौधरोपण कर उन्हें वृक्षों से आच्छादित किया जा सके। उन्होंने पौधरोपण के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधों के रखरखाव का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा उन्होंने पौधरोपण किए गए स्थानों पर अनिवार्य रूप से फेंसिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई अभियान की समीक्षा के दौरान माचना नदी पर विशेष साफ-सफाई अभियान आयोजित किए जाने और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर साफ-सफाई और परियोजना नगर पालिका अधिकारी को शहरी क्षेत्र में साफ- सफाई अभियान सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय में पानी और साफ-सफाई सुनिश्चित कर उन्हें क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधरोपण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पौधरोपण के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को कार्यालय में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर अभिलेखों का व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन कर पीएम स्वनिधि, आयुष्मान, पीएम सूर्य घर बिजली योजना, सहित अन्य योजनाओं में सेचुरेशन लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जनकल्याणकारी शिविर के आयोजन के लिए एसडीएम एवं सहायक नोडल के रूप में जनपद सीईओ, नगर पालिका सीएमओ रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी की शिकायतों का भी गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐतिहासिक इमारतों, स्मारकों एवं पर्यटन स्थलों पर योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी स्थान चिन्हित कर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वास्थ्य

*स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।*

# सब्जी नहीं बेचने दी, तो बेचूंगा गांजा

## ● अतिक्रमण हटाओं मुहिम का सब्जी विक्रेताओं ने किया विरोध





**अनोखा तीर, हरदा।**

बुधवार को नगर पालिका और प्रशासन की टीम ने नेहरू स्टेडियम के पास स्थित फल-सब्जी बाजार तथा गेट नंबर-1 स्थित दीनदयाल श्रमिक प्रतीक्षालय क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान कुछ सब्जी विक्रेताओं ने विरोध जताते हुए प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाया। इस दौरान नपा प्रशासन और सब्जी विक्रेताओं के बीच जमकर बहसबाजी हुई। इस दौरान एक सब्जी विक्रेता ने कहा कि एक ओर हमें सब्जी बेचने से महरूम करते हुए हटाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जो अवैध धंधे कर गांजे और अफीम का कारोबार कर रहे हैं, उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती। यदि मुझे यहां से हटाया गया तो मैं भी गांजा-अफीम बेचने का कार्य करूंगा। नपा अमले द्वारा दीनदयाल श्रमिक प्रतीक्षालय पर पिछले लगभग 15 वर्षों से हुए एक परिवार के कब्जे को हटाया और उसे वार्ड क्र. 1 स्थित निराश्रित क्वार्टर में स्थानांतरित किया गया।



नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि फल एवं सब्जी विक्रेताओं द्वारा निर्धारित स्थान से बाहर दुकानें लगाने के कारण क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसी के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सीएमओ ने कहा कि सभी विक्रेताओं को सड़क से 10 फीट अंदर रहकर दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है तथा यह कार्रवाई प्रत्येक बुधवार को जारी रहेगी। विरोध के दौरान एक युवक की पहले सीएमओ और बाद में टीआई से बहस हो गई। युवक ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों को परेशान किए जाने का आरोप लगाया। उसके समर्थन में पहुंचे बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े दीपक सोनी ने भी अधिकारियों से बहस की। इस पर तहसीलदार राजेंद्र पंवार ने शासकीय कार्य में बाधा नहीं डालने की चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

## सार-समाचार

### महिला शिक्षिका से चेन स्नेचिंग का प्रयास

**अनोखा तीर, हरदा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम कोचिंग पढ़ाकर घर लौट रही एक महिला शिक्षक से चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया। इंदौर रोड पर स्कूटी से जा रही महिला के गले से बाइक सवार दो युवकों ने चेन झपटने की कोशिश की। झपट्टे में चेन का पेंडल और कुछ हिस्सा टूट गया, जबकि पूरी चेन महिला के गले में ही रह गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार शिक्षक कॉलोनी निवासी वर्षा यादव अपनी बेटी के साथ मां शारदा विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल से कोचिंग पढ़ाकर शाम करीब 6 बजे घर लौट रही थीं। न्यू गुरुकृपा होटल के सामने मोड़ पर पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले पर झपट्टा मारा। घटना के बाद महिला ने परिजनों को सूचना दी और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस को आशंका है कि यह वही आरोपी हो सकते हैं, जिन्होंने 29 मई को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जैसानी चौक के पास भाजपा पार्षद अंजना पाराशर के मकान के सामने एक बुजुर्ग महिला से चेन छीनने का प्रयास किया था। उस समय महिला की सतर्कता के कारण आरोपी सफल नहीं हो पाए थे। पुलिस दोनों घटनाओं के बीच संबंधों की भी जांच कर रही है।

### नियमितीकरण सहित आठ मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत जिले के करीब 232 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार को कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। हड़ताल का असर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिखाई देने लगा है। संविदा कर्मचारी नियमितीकरण, वेतन विसंगति दूर करने, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, एनपीएस, महंगाई भत्ता तथा समान कार्य के लिए समान



वेतन जैसी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। प्रदेशभर में एनएचएम के लगभग 32 हजार संविदा कर्मचारियों ने 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। हड़ताल के चलते जिले में प्रस्तावित टीकाकरण सत्र प्रभावित हुए हैं। बुधवार को नियमित कर्मचारियों के माध्यम से टीकाकरण कार्य कराया गया। वहीं डेटा एंट्री ऑपरेटरों के हड़ताल पर रहने से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग भी प्रभावित हो रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र तथा विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं पर भी असर पड़ा है। जिन स्वास्थ्य संस्थानों में संविदा डॉक्टर पदस्थ हैं, वहां ओपीडी सेवाएं प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के डॉ. संतोष गौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के बावजूद अब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं हुई हैं। संघ की जिलाध्यक्ष सोनू चौहान ने चेतावनी दी है कि मांगों का समाधान नहीं होने पर 8 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाएं जारी रखने के लिए लगातार व्यवस्था की जा रही है।

### नेपाल ओपन कराटे चैंपियनशिप में अर्पण ने जीता स्वर्ण, चंचल ने कांस्य पदक

**अनोखा तीर, टिमरनी।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में 29 से 31 मई तक आयोजित 12वीं माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल ओपन कराटे चैंपियनशिप-2026 में तिनका सामाजिक संस्था एवं कराटे परिवार टिमरनी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत और हरदा जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ी अर्पण साकले ने 55 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं चंचल जिनोदिया ने 50 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा सिद्धि अवस्थी,



अंतिमा यदुवंशी एवं अश्विनी यदुवंशी ने भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तिनका सामाजिक संस्था की सचिव मना मंडलेकर ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि पर टिमरनी नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के युवा खेलों में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। तिनका सामाजिक संस्था के अध्यक्ष रितेश तिवारी एवं कराटे प्रशिक्षक सेनसई कुलदीप ढोके ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि तिनका संस्था ग्रामीण एवं छोटे शहरों के बच्चों तथा युवाओं को खेल और आत्मरक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बड़ी उपलब्धियां हासिल कर क्षेत्र, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

# दस दिन बाद भी नहीं हुई गिरदावरी

## -मूंग पंजीयन के लिए समिति के चक्कर लगा रहे किसान

**अनोखा तीर, मसनगांव।**

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए 26 मई से गिरदावरी कार्य प्रारंभ किया गया है, लेकिन मसनगांव क्षेत्र में दस दिन बीत जाने के बाद भी गिरदावरी का कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे मूंग बेचने के इच्छुक किसानों के सामने पंजीयन की समस्या खड़ी हो गई है और उन्हें बार-बार समिति एवं संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्राम के किसान रामदास पाटिल, रामनिवास रायखेरे एवं भागीरथ भायरे का कहना है कि इस वर्ष गांव में बड़ी संख्या में मूंग की फसल बोई गई थी, जिसकी अधिकांश किसानों ने कटाई भी पूरी कर ली है। वहीं मौसम में बदलाव और बारिश की संभावना को देखते हुए कई किसानों ने खेतों में बखरनी एवं अगली फसल की तैयारी भी शुरू कर दी है। ऐसे में समय पर गिरदावरी नहीं होने से किसानों में चिंता बढ़ गई है कि फसल की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कैसे होगा और वे समर्थन मूल्य पर मूंग विक्रय के लिए पंजीयन करा पाएंगे या नहीं। किसानों का आरोप है कि गिरदावरी के अभाव में पंजीयन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन नहीं होने पर अनेक किसान शासन की खरीदी व्यवस्था का लाभ लेने से वंचित रह सकते हैं। किसानों ने बताया कि वे लगातार समिति और राजस्व विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। जिला प्रशासन द्वारा गिरदावरी का कार्य संबंधित हल्कों के पटवारियों को सौंपा गया है। इसके बावजूद ग्राम के पटवारी द्वारा अभी तक गिरदावरी कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही गिरदावरी नहीं हुई तो पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक आने के कारण बड़ी संख्या में किसान मूंग विक्रय से वंचित रह सकते हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गिरदावरी कार्य तत्काल शुरू कराया जाए तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए किसानों को पर्याप्त समय दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के अवसर से वंचित न रहे। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि शासन द्वारा मूंग खरीदी की व्यवस्था किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर गिरदावरी में हो रही देरी इस उद्देश्य पर पानी फेरती नजर आ रही है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से प्रशासन के समक्ष अपनी समस्या उठाएंगे। इस संबंध में हरदा तहसीलदार राजेंद्र पवार ने बताया कि चार-पांच गांवों में गिरदावरी का कार्य नहीं हो पाया है। पटवारियों को गिरदावरी कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।




### दस दिन में हुआ केवल एक पंजीयन

ग्राम की समिति में सात गांवों के 600 से अधिक किसानों का पंजीयन होना है, लेकिन गिरदावरी नहीं होने के कारण अब तक केवल कमताड़ा के एक किसान का ही पंजीयन हो पाया है। यदि यही स्थिति बनी रही तो क्षेत्र के कई किसान पंजीयन से वंचित रह सकते हैं।

## हवाई हमले व ब्लैकआउट संबंधी मॉकड्रिल का आयोजन

### ● पुलिस लाइन में सायरन, निकासी व रेस्क्यू का होगा अभ्यास

**अनोखा तीर, हरदा।**

नागरिक सुरक्षा तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के रक्षित केंद्र पुलिस लाइन में 4 जून गुरुवार को शाम 7 बजे सिविल डिफेंस हवाई हमले एवं ब्लैकआउट मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी जिलों में सिविल डिफेंस, हवाई हमले एवं ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज कराने के निर्देश दिए गए हैं। उसी के परिपालन में हरदा में यह मॉकड्रिल आयोजित की जा रही है। अभ्यास के दौरान सायरन बजना, आपातकालीन वाहनों की आवाजाही, खोज एवं बचाव गतिविधियां तथा अन्य आपदा प्रबंधन संबंधी कार्यवाहियां दिखाई दे सकती हैं। ये सभी गतिविधियां केवल प्रशिक्षण एवं तैयारी का हिस्सा हैं। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे पूरी तरह निश्चिंत रहें तथा किसी प्रकार की चिंता या भ्रम की स्थिति न बनने दें। यह एक पूर्व नियोजित अभ्यास है और इसका उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। जिला प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि अभ्यास के दौरान प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों का पालन करें तथा सोशल मीडिया पर अपुष्ट सूचनाएं प्रसारित न करें।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते कल 5 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनोखा तीर, हरदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 11 केवी जिला पंचायत फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण गुरुवार, 4 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान जय शक्ति कॉलोनी, श्यामा नगर, पैरासिटी, मेजर जोशी कॉलोनी, रौनक विहार, मंगल द्वार, प्राइम सिटी, शिवमंगल सिटी सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के अनुसार अपने आवश्यक कार्यों की पूर्व तैयारी कर लें। मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली आपूर्ति पुनः सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित






**अनोखा तीर, हरदा।** महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्री कंदर्पा प्रतिष्ठानम द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों को स्वरोजगार अपनाकर स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुश्री निकहत द्वारा किया गया, जबकि संचालन सुश्री अनामिका ने किया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर आनंद नेमा ने महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था की टीम सदस्य नमामि, रोशनी एवं उषा सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अंत में संस्था के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# विभिन्न मांगों को लेकर उठाई आवाज

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ (भारतीय मजदूर संघ) जिला हरदा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं वर्षों से महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित कर रही हैं। जन्म पंजीयन, पोषण अभियान, लाड़ली बहना योजना, मतदाता पुनरीक्षण, जनगणना, स्वास्थ्य सर्वे सहित अनेक शासकीय कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और मानदेय नहीं मिल पा रहा है। संघ ने मांग की है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, न्यूनतम 5 हजार रुपये मासिक पेंशन प्रदान की जाए तथा सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष की जाए। इसके अलावा मानदेय में असमानता दूर करने, कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने, परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने तथा विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्यों से मुक्त रखने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में आंगनवाड़ी केंद्रों पर राशन की नियमित आपूर्ति, पदोन्नति के अवसर तथा बिना उचित कारण सेवा पृथक्करण की कार्रवाई नहीं करने की मांग भी शामिल है। संघ



पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ हरदा की ओर से सौंपा गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष इन ग्राम सभाओं को केंद्र सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान से जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्ण स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करना है। विशेष ग्राम सभा में पर्यावरण एवं कचरा प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत घर-घर कचरा संग्रहण तथा कचरे को गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष कचरे के रूप में अलग-अलग करने पर जोर दिया जाएगा। सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक तथा 'कम उपयोग-पुनः उपयोग-पुनर्चक्रण' का सामूहिक संकल्प भी लिया जाएगा। ग्राम सभा में 'धरती माता बचाओ अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर 'धरती माता बचाओ निगरानी समिति' का गठन किया जाएगा। किसानों को ई-विकास प्रणाली के माध्यम से डिजिटल टोकन द्वारा उर्वरक वितरण की जानकारी दी जाएगी। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं पॉक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। किशोरियों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, आंगनवाड़ियों में शत-प्रतिशत प्रवेश, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से मिलने वाली 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन तथा राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन 2047 के तहत स्क्रीनिंग जांच पर भी विशेष चर्चा होगी।

**जमीन बेचना है**
27 एकड़ जमीन ग्राम सिंगनपुर, तहसील रहटगांव, जिला-हरदा में बेचना है, जो कि भविष्य में मोरण्ड-गंजाल डेम से सिंचित होगी।
कीमत 16 लाख रुपए प्रति एकड़ रखी गई है।
मो. 9826675197